'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 19 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए वीरवार, 04 अप्रैल 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

यमुनानगर में जनसैलाब के बीच पहुंचकर बोले मुख्यमंत्री - मैं आप लोगों का भाई पहले, मुख्यमंत्री बाद में हूं

## घमंडिया गठबंधन के पास नीति, नीयत और नेतृत्व तक नहीं : नायब सैनी

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** यमुनानगर की छछरौली विजय संकल्प रैली एवं अपने अभिनंदन समारोह में उमड़े जनसैलाब के बीच मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मैं आप लोगों का भाई पहले हूं और मुख्यमंत्री बाद में हूं। मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी ने विपक्ष को घमंडिया गठबंधन कहकर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए घमंडिया गठबंधन के पास ना नीति है, ना नीयत है और ना ही नेतृत्व है। श्री सैनी ने कहा कि भाजपा के पास राष्ट्र को विकसित बनाने की नीति है, मोदी जैसा प्रभावशाली नेतृत्व है और देश को समृद्ध करने के लिए साफ नीयत है। जबकि कांग्रेस का लक्ष्य झूठ और भ्रम फैलाकर सत्ता प्राप्ति करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य सत्ता के माध्यम से सेवा करना है। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया को प्रचंड बहुमत से जिताने की अपील भी की। कार्यक्रम में बोलते हुए कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने भी सरकार की उपलब्धियां गिनवाई और विपक्ष हमलावर रहे।



बुधवार को यमुनानगर की छछरौली अनाज मंडी में आयोजित समारोह में पहुंचने पर नायब सैनी का भाजपा पदाधिकारियों द्वारा पगड़ी पहनाकर व गदा भेंटकर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर आढ़तियों ने नायब सैनी को भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा भेंट की और सैनी समाज ने भी फूल मालाओं से मुख्यमंत्री का स्वागत किया। स्वागत से गदगद मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि मैं आप लोगों का भाई पहले हूं और मुख्यमंत्री बाद में। उन्होंने कहा कि यह सम्मान आप सभी का सम्मान है। उन्होंने कहा कि मैं आपके सम्मान की सदा रक्षा करूंगा।

सीएम नायब सैनी ने कहा कि मोदी और डबल इंजन की सरकार ने 10 वर्षों में लाजवाब काम किए हैं। भाजपा ने जो कहा वह समय पर करके दिखाया है। कांग्रेस की कार्यशैली पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री श्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस के लोग झूठी घोषणा करके लोगों से वोट ले लेते थे, लेकिन कांग्रेस के तीन-तीन कार्यकालों में भी लोगों के काम नहीं होते थे। चुनाव दर चुनाव कांग्रेस सिर्फ झूठे आश्वासन देकर लोगों को बरगलाती रही और वोट लेकर सत्ता का सुख भोगती रही। उन्होंने कहा कि अब जनता कांग्रेस की मंशा जान चुकी है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने लोगों के जीवन को सरल बनाया है। सड़कों का जाल बिछाकर बेहतर कनेक्टिविटी लोगों को दी है। दस वर्षों में एक नया हरियाणा बनाने का काम भाजपा की सरकार ने किया है, जिसकी चर्चा हर व्यक्ति आज कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार काम करने वाली है। नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया में भारत का नाम उंचा किया है। पीएम मोदी के नेतृत्व को दुनिया देख रही है कि किस प्रकार से प्रधानमंत्री मोदी ने हस्तक्षेप करते हुए रूस को यूक्रेन पर परमाणु हमला करने से रोका और मानवता की रक्षा की। भारत का व्यक्ति दुनिया के किसी भी देश में बैठा हो वह अपने आपको सुरक्षित महसूस करता है, यही बदलता हुआ सुरक्षित और मजबूत भारत है।

नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताकत भारत की 140 करोड़ जनता है। जनता के आशीर्वाद और समर्थन से पीएम मोदी ने बड़े-बड़े फैसले लिए हैं। 2014 और 2019 में देश और प्रदेश की जनता ने कमल का बटन दबाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता के विश्वास पर खरा उतरे हैं। उन्होंने कहा कि अब प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का है और इसमें 140 करोड़ लोगों की भूमिका महत्वपूर्ण है। नायब सैनी ने उपस्थित जन समूह से अपील की कि एक-एक व्यक्ति अपना वोट देश के विकास के लिए डालें, विकसित भारत के लिए डालें और मोदी जी के लिए डालें।

## कांग्रेस ही देश के लोकतंत्र को खतरे में डालने वाली पार्टी है : कंवरपाल गुर्जर

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार में मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं को अपनी गिरेबान में झांकना चाहिए कि देश का लोकतंत्र खत्म करके आपातकाल किसने लगाया था। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव को अवैध घोषित कर दिया, तब इंदिरा गांधी ने कोर्ट का आदेश मानने से इंकार कर दिया और देश में एमरजेंसी लगा दी, विपक्ष के नेताओं सहित 85 हजार लोगों को जेल में डाल दिया। श्री गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस ही देश के लोकतंत्र को खतरे में डालने वाली पार्टी है। श्री गुर्जर ने कहा कि 2014 में भाजपा की सरकार बनी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की तरक्की का रास्ता खुला। 2019 में जनता ने फिर आशीर्वाद दिया और प्रधानमंत्री मोदी ने अपने ऐतिहासिक निर्णयों से देश को विकसित बनाने की राह पर तेजी से बढ़ाया। श्री गुर्जर ने कहा कि अब पीएम मोदी ने भाजपा को 370 और एनडीए को 400 कराने का लक्ष्य रखा है जिसे हम सभी को मिलकर पूरा करना है। कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि शराब घोटाला में केजरीवाल और उनकी सरकार की शिकायत करने वाली कांग्रेस है। कांग्रेस ने ही जांच के लिए ईडी से मांग की थी। उन्होंने कहा कि अब सत्ता के लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में समझौता हो रहा है। कांग्रेस को निशाना पर लेते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रधानमंत्री ने कहा था कि देश के संसाधनों पर खास वर्ग का अधिकार है। जबकि पीएम नरेंद्र मोदी बोलते हैं कि देश के संसाधनों गरीब लोगों का अधिकार है। श्री गुर्जर ने मोदी सरकार और डबल इंजन सरकार की उपलब्धियें गिनवाई और भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया को ऐतिहासिक मतों से जीताने की अपील की। भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने उपस्थित लोगों से समर्थन मांगा व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रतन लाल कटारिया से जुड़ी स्वर्णिम यादों को



साझा करते हुए कहा कि स्वर्गीय कटारिया जी ने खदरी गांव को गोद लिया व जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लागत से विकास कार्य करवाए। उन्होंने कहा कि वह उन्ही विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए आप सभी का सहयोग व आशीर्वाद लेने के लिए यहां आई हैं। बंतो कटारिया ने कहा कि आप सभी लोग सभी एकजुट होकर 25 मई को कमल का बटन दबाकर जीत को ऐतिहासिक बनाएं। उन्होंने कहा कि देश की तरक्की और विकसित भारत के लिए अंबाला लोकसभा में कमल खिलाकर उन्हें संसद भेजें। राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पवार ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान की रक्षा करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बखूबी कर रहे हैं। भाजपा सरकार ने अनुसूचित जाति वर्ग के लिए बहुत सी योजनाएं चलाई हैं। भाजपा सरकार ही अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों का सही मायने में सम्मान करतीं है। इस मौके पर राज्यसभा के सांसद कृष्ण लाल पंवार, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, प्रदेश उपाध्यक्ष वेदपाल एडवोकेट, जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, पूर्व विधायक बलवंत सिंह, पूर्व विधायक पवन सैनी, जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठसका, पूर्व मेयर मदन चौहान, पूर्व चेयरमैन भोपाल सिंह खदरी, जिला महामंत्री कृष्ण सिंगला,जिला महामंत्री सुरेंद्र बनकट, महिला जिलाध्यक्ष प्रीति जौहर,युवा जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्म सिंह मट्टू, जिला उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा,जिला सचिव सुमन चौधरी मोर्चों के अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष पालक पन्ना प्रमुख आदि हजारों लोग उपस्थित रहे।

## बेरोजगारी के कारण रशिया गए युवा युद्ध में फंसे, सरकार ने नहीं लिया संज्ञान : अनुराग ढांडा

**आज तक भाजपा का कोई मंत्री या विधायक पीड़ित परिवार से मिलने तक नहीं पहुंचा: अनुराग ढांडा**

**मुख्यमंत्री के तौर पर नायब सैनी ने भी अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया: अनुराग ढांडा**

**बीजेपी उम्मीदवार नवीन जिंदल को भी इन युवाओं की परवाह नहीं- अनुराग ढांडा**

**मैं प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री को चिट्ठी लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप की अपील करूंगा: अनुराग ढांडा**

**पीएम मोदी रूस युक्रेन का युद्ध रुकवाने का दावा करते हैं तो युवाओं को वापस क्यों नहीं ला सकते : अनुराग ढांडा**




समाचार गेट ब्यूरो

**कैथल, 03 अप्रैल।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने प्रेसवार्ता कर विदेश में फंसे युवाओं के मुद्दे पर हरियाणा सरकार को घेरा। इसके बाद उन्होंने चुनाव प्रचार को तेज करने के लिए जिला कार्यकारिणी की बैठक ली। उनके साथ जिलाध्यक्ष गज्जन सिंह, मास्टर सतबीर गोयत, राकेश खानपुर, कुलभूषण शर्मा, करमजीत अटाल, जगजीत सिंह, राम कुमार, अमरीक सिंह, प्रदीप कुमार, हरजिंदर सिंह, लीला राम, सोनिया शर्मा और जितेंद्र सिंह मौजूद रहे। प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि हरियाणा में बेरोजगारी को लेकर हालात बद से बदतर हैं और युवा रोजगार के लिए त्राहि त्राहि कर रहे हैं। लेकिन खास तौर पर कैथल और कुरुक्षेत्र के क्षेत्र में बेरोजगारी की समस्या ने एक विकराल रूप धारण कर लिया है। जगह जगह पर बच्चे अपनी जमीन बेचकर विदेशों की ओर जा रहे हैं। आज ऐसे ही मटौर के कई युवा बेरोजगारी के कारण रूस गए जो रूस और युक्रेन के युद्ध में फंसे हैं। हम जानना चाहते हैं कि सरकार इस विषय पर क्या कर रही है। कैथल से भाजपा का विधायक है, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा भी कलायत से ही हैं और मौजूदा मंत्री सुभाष सुधा भी कुरुक्षेत्र लोकसभा से ही हैं। लेकिन इसके बावजूद क्या इनमें से कोई भी उन पीड़ित परिवार से मिलने गया है?

उन्होंने कहा कि नायब सैनी आज भी कुरुक्षेत्र लोकसभा का नेतृत्व कर रहे हैं, जब तक चुनाव नहीं हो जाता। क्या उन्होंने इस मुद्दे पर संज्ञान लिया? प्रदेश के मुख्यमंत्री होने के नाते यदि वो चाहें तो विदेश मंत्रालय की मदद से तुरंत समाधान हो सकता है। उन्होंने कहा कि नवीन जिंदल इस लोकसभा से प्रत्याशी हैं और बड़े उद्योगपति हैं। नवीन जिंदल पीएम मोदी को अच्छे से जानते हैं, जब वो पीएम मोदी से अपने कोयला घोटाले के दाग धुलवा सकते हैं तो क्या इन बच्चों को वापस लाने के लिए पीएम मोदी से एक बार भी अपील नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि क्या भाजपा केवल सत्ता के लिए वोट मांगना जानती है। भाजपा इस मामले में किसी भी स्तर पर कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रही है। मैं आज इस विषय पर विदेश मंत्री और प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिख रहा हूं कि युवा काफी लंबे समय से रशिया में फंसे हुए हैं और इनको सुरक्षित लाना सरकार की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि जब भाजपा सरकार आचार संहिता लगने के बावजूद ईडी और सीबीआई के माध्यम से विपक्षी नेताओं को जेल में डाल सकती है तो क्या विदेश में फंसे हुए अपने युवाओं को वापस नहीं ला सकती। जो प्रधानमंत्री विज्ञापन के जरिए दावा करते हैं कि उन्होंने रशिया और युक्रेन का युद्ध कुछ घंटों के लिए रुकवा दिया था। क्या वो वहां पर फंसे अपने युवाओं को वापस नहीं ला सकते। इस विषय को कई सप्ताह हो चुके हैं और सबके संज्ञान में ये मामला है। उसके बावजूद भी इस विषय पर भाजपा की अनदेखी बताती है कि भाजपा का अत्याचार युवाओं को केवल बेरोजगार रखने तक ही सीमित नहीं है बल्कि इनकी नजर में उनकी जिन्दगी की भी कोई कीमत नहीं है। आज हम प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री को चिट्ठी लिखकर इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप की अपील करेंगे और युवाओं को सुरक्षित लाने की मांग करेंगे।

उन्होंने संजय सिंह की जमानत के सवाल पर कहा कि संजय सिंह को झूठे और फर्जी मामले बनाकर जेल में डाला गया था। सुप्रीम कोर्ट का फैसला ईडी और भाजपा के मुंह पर तमाचा है। ये जमानत अपने आप में बताती है की ये पूरा का पूरा मुकदमा फर्जी था। संजय सिंह की जमानत से कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। एक एक करके आम आदमी पार्टी के सभी नेता इस फर्जी मुकदमे से बाहर निकलेंगे। उन्होंने कहा कि मंत्री महिपाल ढांडा भी कह रहे हैं कि कोर्ट ने नवीन जिंदल को कोई क्लीन चिट नहीं दी है इसका मतलब ये है कि कोयला घोटाले के आरोपी नवीन जिंदल को भाजपा ने टिकट दिया है और भाजपा व कार्यकर्ताओं में अंदर खाने कलह है। उन्होंने कहा कि नवीन जिंदल को ईडी द्वारा किडनैप करके टिकट थमाया गया है। जैसे जैसे उनकी गतिविधियां तेज होंगी वैसे वैसे उनका विरोध होना शुरू हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा तानाशाही कर रही है, आज मीडिया को इलेक्टोरल बॉन्ड पर चर्चा के लिए भी रोका जा रहा है। क्योंकि इलेक्टोरल बॉन्ड के डाटा से साबित हो चुका है कि शराब घोटाले के मुख्य आरोपी की कंपनी के खाते से भाजपा के खाते में 60 करोड़ रुपए गए हुए हैं। यदि ईडी निष्पक्ष रूप से काम कर रही है तो इस मनी ट्रेल मामले में जेपी नड्डा और अमित शाह से पूछताछ कब करेगी और पीएम मोदी को भी गिरफ्तार करके पूछताछ करे।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी पूरी मजबूती से इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ सुशील गुप्ता को जीताने के लिए मेहनत कर रही है। नवीन जिंदल जीतनी तेजी से भाजपा में शामिल हुए थे उससे भी ज्यादा तेजी से उनका बोरिया बिस्तर समेट कर वापस भेजेंगे। पूरे हरियाणा में इंडिया गठबंधन मजबूती से लोकसभा की सभी 10 सीटें जीतेगा। उन्होंने कहा कि जजपा और इनेलो का हरियाणा में कोई जनाधार नहीं बचा है। लोग कह रहे हैं कि ताऊ के लाल कुरुक्षेत्र में चुनाव लड़ने के लिए आए हैं, लेकिन वो ताऊ के लाल नहीं भाजपा के दलाल हैं। वो केवल वोट काटने के लिए कुरुक्षेत्र पहुंचे हैं।

## नकली व अवैध दवाइयों की बिक्री रोकने के लिए सख्ती से मॉनिटरिंग की जाए : मुख्य सचिव

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़, 3 अप्रैल।** हरियाणा के मुख्य सचिव श्री टीवीएसएन प्रसाद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नकली व अवैध दवाईयों की बिक्री रोकने के लिए सख्ती से मॉनिटरिंग की जाए तथा विशेषकर ड्रग की हर मूवमेंट को ट्रैक किया जाए। ड्रग ऑफिसर जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से कार्रवाई करें ताकि कोई घटना न हो सके।

मुख्य सचिव चंडीगढ़ में 7 वीं राज्य स्तरीय नार्को कोर्डिनेशन कमेटी की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भी प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि जिलों में प्राइवेट एजेंसी, स्वयं सेवी संगठनों के सहयोग से नशा मुक्ति केन्द्र चलाए जाए ताकि जिन क्षेत्रों में केन्द्र नहीं हैं उनमें लोगों को नशे से निजात दिलवाई जा सके। उन्होंने कहा कि ड्रग से मुक्ति दिलाने के लिए चालान, टेसटिंग पर फोकस किया जाए और युवाओं को सचेत एवं जागरूक करने के लिए स्कूल एवं कालेज स्तर पर भी विशेष फोकस रखा जाए। इसके अलावा जिला स्तर पर हर तीसरे माह एनकॉर्ड की



मीटिंग नियमित रूप से की जाए।

बैठक में मुख्य सचिव को अवगत करवाया गया कि नशे के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए चलाई जा रही हरियाणा उदय योजना के तहत एंटी ड्रग कार्यक्रम में वार्ड, पंचायत व गांवों को ड्रग फ्री बनाने का कार्य किया जा रहा है। गत वर्ष के दौरान राज्य में लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए 1879 कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें 14 लाख 23 हजार 410 लोगों ने भाग लिया। एंटी ड्रग गतिविधियों पर एक्शन लेते हुए 4681 केस दर्ज कर 6510 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा एनडीपीएस एक्ट के तहत 801 दोषियों पर केस तय हुए जिनकी 13.09 करोड़ रुपए की सम्पति जब्त की गई और नशीले पदार्थो की तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के 31 अवैध कब्जो को डिमोलिश किया गया।

उन्होंने बताया कि एंटी ड्रग कार्यक्रम के तहत राज्य के नशा मुक्ति केन्द्रों की लगातार जांच की जा रही है तथा प्रहरी एप के माध्यम से 7523 नशा करने वाले व्यक्तियों की पहचान की गई जिन्हें नमक लोटा अभियान के माध्यम से नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### चुनाव में नियमित रूप से डाटा शेयर करने और आवश्यक सूचनाएं समय पर भेजने के निर्देश

मुख्य सचिव ने लोकसभा चुनाव को लेकर भी सभी उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक से विस्तार से बातचीत की और आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना केन्द्रों की तैयारी एवं उनकी निगरानी सुनिश्चित करने को भी कहा। इसके अलावा चुनाव के दौरान नियमित रूप से डाटा शेयर करने और सभी आवश्यक सूचनाएं समय पर भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी व्यक्तिगत स्तर पर पूरी मुस्तैदी, जिम्मेवारी एवं दायित्व के साथ अपने कर्तव्य को निभाएं। उन्होंने कहा कि विशेषकर राज्य की सीमाओं पर नाकाबंदी में किसी प्रकार की लापरवाही एवं कोताही नहीं होनी चाहिए। इन नाकों पर शराब एवं अन्य सामान के आवागमन पर सख्त निगरानी रखी जाए।

बैठक में डीजीपी श्री शत्रुजीत कपूर, डीजी जेल मोहम्मद अकिल, एसीएस श्री सुधीर राजपाल, डा. जी अनुपमा, मुख्य निवार्चन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल, मुख्यमंत्री की अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं महानिदेशक सेवा विभाग श्रीमती आशिमा बराड़, एडीजीपी साईबर क्राईम ओ पी सिंह सहित सभी जिलों के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## ऑपरेशन आक्रमण- 8: पुलिस महानिदेशक के नेतृत्व में हरियाणा पुलिस का बदमाशों व अवैध गतिविधियों के खिलाफ एक्शन

**प्रदेश में 6737 पुलिसकर्मियों की 1403 टीमों ने की रेड, 505 एफआईआर दर्ज, 982 आरोपी दबोचे**

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़, 3 अप्रैल।** हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के दिशा-निर्देशानुसार हरियाणा पुलिस द्वारा 31 मार्च को प्रदेश में बदमाशों, आपराधिक तत्वों व नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए ऑपरेशन आक्रमण 8 चलाया गया। इसके अंतर्गत प्रदेशभर में 6737 पुलिसकर्मियों की 1403 टीमों द्वारा एक साथ की गई रेड के दौरान आईपीसी, एनडीपीएस, एक्साइज और आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत 505 मुकदमें दर्ज करके 982 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) श्री शत्रुजीत कपूर ने बताया कि पुलिस द्वारा अवैध हथियारों, नशीले पदार्थों और अवैध शराब की तस्करी सहित राज्य में आपराधिक गतिविधियों पर सटीक जानकारी एकत्र की किया गया,एसपी व



डीसीपी के नेतृत्व में 6737 पुलिस जवानों की 505 टीमों ने अपराध और अपराधियों पर 31 मार्च अलसुबह से ही रेड शुरू कर दी जोकि देर सांय तक चली। अलग-2 स्थानों पर एक साथ रेड करते हुए अपराधियों को निशाना बनाने के बहुत ही बेहतर परिणाम सामने आए। इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत 27 एफआईआर दर्ज की गई। प्रदेश में 27 पिस्टल बरामद किए गए। इस मामले में 10 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इसी प्रकार, 17 किलो 625 ग्राम गांजा, 95.72 ग्राम हेरोइन, 102.68 ग्राम स्मैक, 2.216 किलोग्राम चरस बरामद किए गए। इस मामले में प्रदेश भर में 17 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान टीमों ने कुख्यात अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए 1 इनामी बदमाश, 5 अति वांछित बदमाशों को काबू किया। साथ ही, पुलिस द्वारा 11 साईबर अपराधी, 78 उद्घोषित अपराधियों और 70 बेल जंपर्स को पकड़ने में भी कामयाबी हासिल की। पकड़े गए ये बदमाश कई मामलों में वांछित थे और गिरफतारी से बचने के लिए फरार चल रहे थे। इसके अतिरिक्त, विशेष अभियान के दौरान विभिन्न मामलों में शामिल 73 अन्य आरोपियों को भी काबू किया गया।

विशेष अभियान के दौरान पुलिस एक्साइज अधिनियम के तहत 336 एफआईआर दर्ज करते हुए 761 बोतल अंग्रेजी शराब, 4879 बोतल देसी शराब, 643 बोतल बीयर, 436 बोतल अवैध शराब और 1810 लीटर लाहन जब्त कर शराब तस्करों पर नकेल कसने में कामयाब रही। जुआ अधिनियम के तहत गिरफ्तार किए गए 28 आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 185265 रुपये की नकदी भी बरामद की। इस अभियान के दौरान लेन ड्राइविंग नियमों की उल्लंघना करने वाले 3952 वाहनों के चालान भी किए गए।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश से अपराध और आपराधिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए ऑपरेशन आक्रमण के तहत प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर यह अभियान चलाया गया। पुलिस विभाग द्वारा यह आंठवा अभियान चलाया गया ताकि प्रदेश की जनता को भयमुक्त वातावरण मिल सके।

## मनोहर लाल ने कार्यकर्ताओं को बूथ जीता, चुनाव जीता का दिया मंत्र

# हरियाणा की सभी 11 सीटों पर खिलाएंगे कमल : मनोहर लाल

**जनता के आशीर्वाद से 400 सीट जीतकर भाजपा तीसरी बार बनाएगी सरकार : मनोहर लाल**

**पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने फरीदाबाद पहुंचकर संचालन समिति की ली बैठक, लोकसभा चुनाव प्रबंधन की समीक्षा की**




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** भाजपा ने देश में 400 सीट जीतने का लक्ष्य रखा है उसमें भाजपा 370 सीट पर जीत दर्ज करे और एन.डी.ए 400 सीट पार करे, ऐसा हमारा संकल्प है ।हमें पूर्ण विश्वास है जनता के आशीर्वाद से 400 सीट जीतकर भाजपा तीसरी बार सरकार बनाएगी ।हरियाणा की सभी 10 सीट हमारी थी, हमारी रहेंगी । प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीट और 1 विधानसभा सीट सभी 11 सीटों पर कमल खिलाएंगे । लोकसभा चुनावों की तैयारियों के निमित भाजपा प्रदेश संगठन में बैठकों को दौरा लगातार जारी है और इसी कड़ी में फरीदाबाद पहुंचें हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह कहा। भाजपा लोकसभा कार्यालय अटल कमल पर मनोहर लाल ने फ़रीदाबाद लोकसभा के चुनाव प्रबंधन को लेकर लोकसभा संचालन समिति की बैठक ली, जिसमें संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, लोकसभा प्रभारी व जिला प्रभारी जीएल शर्मा, लोकसभा संयोजक अजय गौड़, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, फरीदाबाद ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, पलवल के जिला अध्यक्ष चरणसिंह तेवतिया, राष्ट्रीय परिषद सदस्य संदीप जोशी, वरिष्ठ उप महापौर देवेन्द्र चौधरी, चेयरमैन हुकम सिंह भाटी और लोकसभा विस्तारक कर्मबीर यादव मुख्य तौर पर उपसथित रहे ।

फरीदाबाद लोकसभा चुनाव के निमित आयोजित इस बैठक में उन्होंने फरीदाबाद लोकसभा की संचालन समिति के सभी 36 विभागों के प्रमुखों से चुनाव प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की । चुनाव प्रबंधन की दृष्टि चुनाव प्रबंधन के जो 36 आयाम है, उन्होंने सभी 36 आयामों के प्रमुखों से एक एक कर व्यक्तिगत चर्चा की और हर विषय पर उनका मार्गदर्शन किया । मनोहर लाल ने बूथ जीता, चुनाव जीता का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि बूथ जीता चुनाव जीता जीत का मूल मंत्र है । फरीदाबाद लोकसभा के हर बूथ पर अपनी बूथ सरंचना को मजबूत करना है और लोकसभा के सभी 2160 बूथों को जीतने का कार्य करना है । मनोहर लाल जी ने कहा कि हो सकता है पिछले चुनावों में कुछ बूथ पर हमें कम वोट मिले हों, लेकिन इस बार हर बूथ पर पहले से 370 वोट ज्यादा प्राप्त करके कमल खिलाने का लक्ष्य रखना है। मनोहर लाल ने लाभार्थी संपर्क, वोटर जन सम्पर्क और माइक्रो बूथ मैनेजमेंट पर भी कार्यकर्ताओं से चर्चा की ।

इस अवसर पर प्रदेश संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा ने संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए बूथ समिति, पन्ना प्रमुख और त्रिदेव के माध्यम से बूथों को सशक्त करने, माइक्रो बूथ मैनेजमेंट, चुनाव मैनेजमेंट व अन्य संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की और सभी विधानसभाओं में गठित प्रबंधन/संचालन समिति से बैठक कर विधानसभा स्तर पर भी चुनाव प्रबधन की समीक्षा करने को कहा । फणीन्द्र नाथ शर्मा ने आगामी कार्यकर्मों की जानकारी देते हुए कहा कि 6 अप्रैल पार्टी स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाना है और हर बूथ पर कार्यकर्ताओं के घर पर पार्टी का झंडा लगाना है। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर युवा मोर्चा द्वारा हर विधानसभा में बाइक रैली और महिला मोर्चा द्वारा हर मंडल में पद यात्रा का आयोजन किया जायेगा जिसमें हर बूथ के 5-5 युवा और महिला कार्यकर्ता उपसथित रहेंगे।

इस बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओम प्रकाश रेक्सवॉल, फरीदाबाद जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा, कौशल बाटला, पलवल जिला महामंत्री वीरपाल दिक्षित, पूर्व ज़िला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, दीप भाटिया, पूर्व जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल व आर एन सिंह, प्रदेश सह संयोजक सोशल मीडिया अमित मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष पंकज रामपाल, कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा, जिला मीडिया प्रमुख विनोद गुप्ता, पार्षद छत्रपाल, उमेश ठाकुर, रविन्द्र त्यागी, लाजर रणजीत सैन, महिला मोर्चा अध्यक्षा राजबाला सरधाना, अनिल प्रताप सिंह, संदीप शर्मा, अजय भाटिया, प्रवीण चौधरी, सचेत जैन, सह मीडिया प्रभारी राज मदान एवं अजय डुडेजा, हिमांशु मिश्रा, शिवम रत्न, मनीष राघव, अभिषेक देशवाल, अमित आहूजा, विमल खंडेलवाल, जय प्रकाश मास्टर संचालन समिति के कार्यकर्त्ता उपसथित रहे।

## 2019 के लोकसभा चुनाव में कम मतदान वाले बूथों पर है स्वीप जागरूकता अभियान का विशेष जोर : जिला निर्वाचन अधिकारी

**शत-प्रतिशत मतदान के प्रति जागरुकता लाने के लिए बना सेल्फी प्वाइंट**

**मतदाताओं को स्वीप अभियान के तहत अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए किया जा रहा है प्रेरित**




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि 18 वीं लोकसभा चुनाव-2024 में जिला में अधिक से अधिक मतदान को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रशासन ने जागरूकता अभियान की विशेष योजना तैयार करके क्रियान्वित की जा रही है। लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नई पहल की है। इसके लिए आज सेक्टर-12 लघु सचिवालय में सेल्फी प्वाइंट बनाया गया। जिसके माध्यम से मतदाताओं को वोट देने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा विगत लोकसभा चुनाव-2019 में फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र में कम मतदान वाले दस दस बूथों को चुना गया है। जहां प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम मतदान वाले दस-दस पोलिंग बूथों को चिन्हित करके इन क्षेत्रों में स्वीप अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रमों का विशेष जोर रहेगा। जहां मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से लोगों को 18वीं लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मतदाताओं को सौ फीसदी मताधिकार का प्रयोग करने के लिए स्वीप के तहत जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। इन जागरूकता कार्यक्रमों में नागरिकों को उनके वोट के महत्व के बारे में बताया जा रहा है। लेकिन कुछ इलाके ऐसे रह जाते हैं, जहां पर किसी न किसी कारण वश मतदान प्रतिशत सामान्य से कम रहता है। पिछले लोकसभा चुनाव-2019 में भी जिला में कुछ इलाके ऐसे रहे हैं, जहां पर मतदान सामान्य से कम रहा है। लेकिन अबकी बार प्रशासन का पुरजोर प्रयास है कि इन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत को बढाया जाए। इसके लिए स्वीप के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बनाई है विशेष योजना-**

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र में 18वीं लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान को लेकर विगत लोकसभा चुनाव में सामान्य से कम मतदान वाले बूथों को चुना गया है। इन बूथों के क्षेत्र में सांस्कृतिक व नुक्कड़ नाटक, जागरूकता रैली व महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वीप अभियान को लेकर सभी नोडल अधिकारियों को भी निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जरूरी निर्देश दिए गए हैं।

# स्वीप एक्टिविटी के तहत मतदान के लिए लोगों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने निकाली जागरूक रैली : विक्रम सिंह



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार स्वीप एक्टिविटी के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने एरिया में मतदाताओं को 18 वीं लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए जागरूकता रैली निकाली। मतदाता जागरूकता रैली में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने महिलाओं को मतदान में भागीदारी देने बारे जागरूक करते हुए कहा कि मतदान हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है। इसलिए विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में प्रजातंत्र प्रणाली के जरिये सभी पात्र व्यक्तियों को अपना वोट बनवाना चाहिए तथा मतदान जरुर करना चाहिए। आगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रजातंत्र प्रणाली में मतदान

**कहा, विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में प्रजातंत्र प्रणाली के लिए सभी पात्र व्यक्तियों को अपना वोट बनवा कर मतदान जरूर करना चाहिए**

जितना पुरुषों के लिए जरूरी है, उतना ही महिलाओं के लिए भी जरूरी है। यह वोट ही हमें सरकार चुनने की ताकत देता है। सभी मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करना चाहिये। महिलाए समाज निर्माण करने में अपना भरपूर सहयोग दे सकती है। तो मजबूत प्रजातंत्र प्रणाली के लिए मतदान करना भी अनिवार्य है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपील करते हुए सभी पात्र व्यक्तियों को वोट डालने या मतदान के लिए जागरूक किया।

# संगठन की रीढ़ होते है कार्यकर्ता : दुष्यंत चौटाला

## अजय भड़ाना व रवि शर्मा ने दी पूर्व उपमुख्यमंत्री को जन्मदिवस पर बधाई

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को जजपा के बडखल हलका अध्यक्ष अजय भड़ाना व इनसो जिलाध्यक्ष रवि शर्मा जन्मदिवस पर बधाई देने दिल्ली सथित निवास पर पहुंचे। श्री भड़ाना व श्री शर्मा ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर श्री चौटाला को जन्मदिन की बधाई दी और उनकी दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर दुष्यंत चौटाला ने जजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की रीढ़ कार्यकर्ता होते है और मजबूत कार्यकर्ताओं की बदौलत ही पार्टी सत्ता तक पहुंचती है और जजपा पार्टी का संगठन मजबूत है और प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी जी जान से इसे मजबूत करने में जुटा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह लोकसभा चुनावों को लेकर जी जान से जुट जाए और पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। इस मौके पर अजय भड़ाना व रवि शर्मा ने दुष्यंत चौटाला को विश्वास दिलाया कि फरीदाबाद में जजपा व इनसो संगठन पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है और पार्टी को मजबूत करने के लिए प्रयासरत है, उन्होंने कहा कि लोकसभा व विधानसभा चुनावों में पार्टी बेहतर प्रदर्शन करके नया इतिहास रचने का काम करेगी।



# हरियाणा के लोकप्रिय नेता श्री दुष्यंत चौटाला के जन्मदिन पर बधाई देने पहुंचे : उमेश भाटी



**पार्टी के प्रति समर्पण और मन में दृढ़ इच्छाशक्ति लेकर कार्यकर्ता लक्ष्य प्राप्ति की और आगे बढ़ रहा है : उमेश भाटी**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** आज फॉर्महाउस पर जननायक जनता पार्टी के प्रेरणास्त्रोत्र और मार्गदर्शक और हरियाणा के लोकप्रिय नेता श्री दुष्यंत चौटाला जी के जन्मदिन के अवसर पर तिगांव विधानसभा के अध्यक्ष व प्रदेश प्रवक्ता श्री उमेश भाटी जी बधाई देने पहुंचे। इस मौके पर काफी संख्या में कार्यकर्ता एकत्र हुए, मौके पर कार्यकर्ता जननायक जनता पार्टी ज़िंदाबाद के नारे लगते दिखाई दे रहे थे। वहीँ कई कार्यकर्ता भाई दुष्यंत तुम संघर्ष करो हम तुम्हरे साथ है के नारे लगा रहे थे। श्री दुष्यंत चौटाला जी ने अपने जन्मदिन पर बधाई व आशीर्वाद देने वाले सभी शुभचिंतकों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। बधाई देने पहुंचे तिगांव विधानसभा के अध्यक्ष व प्रदेश प्रवक्ता श्री उमेश भाटी जी ने श्री दुष्यंत चौटाला जी के हाथों केक कटवाया और उनकी एवं उनकी दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर तिगांव विधानसभा के अध्यक्ष व प्रदेश प्रवक्ता श्री उमेश भाटी जी ने अपने कहा की ,आने वाले दिन हरियाणा की राजनीति में काफी अहम होने वाला है। हरियाणा की जनता का प्यार और विश्वास सदैव पार्टी के साथ है। कार्यकर्ता आज भी पूरे जोश के साथ पार्टी के साथ है। पार्टी मुखियाँ श्री डा. अजय सिंह चौटाला जी और हरियाणा के लोकप्रिय नेता श्री दुष्यंत चौटाला जी के उम्मीद और आशा के अनुरूप जो भी आदेश लोकसभा चुनावों को लेकर आएगा, तिगांव विधानसभा का हर एक कार्यकर्ता उस मंजिल तक ले जाने का काम करेगा। लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी जिसे भी टिकट देकर उम्मीदवार घोषित करेगी , तिगांव विधानसभा से उसे ज्यादा से ज्यादा वोट दिलाने का काम करेंगे। लोकसभा के बाद विधानसभा को लेकर पार्टी कार्यकर्ता पूरी तरह से कमर कस के तैयार खड़ा है। श्री दुष्यंत चौटाला जी ने जब तक हरियाणा सरकार में पार्टी की और से मुख्यमंत्री का पदभार संभाला पूरी जोरशोर से जनता की भलाई के लिए विकास कार्य करे , जनता बहुत समझदार है वह सब जानती है सब देख रही है। आने वाले दिन पार्टी के प्रति समर्पण और मन में दृढ़ इच्छाशक्ति लेकर कार्यकर्ता लक्ष्य प्राप्ति की और आगे बढ़ रहा है।

## सब डिवीजन जवाहर कॉलोनी पर कर्मचारियों ने की गेट मीटिंग : विनोद शर्मा



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** आज एनआईटी फरीदाबाद की सब डिवीजन जवाहर कोलोनी के दफ्तर पर हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन के नेताओं ने दफ्तर के प्रधान महेन्दर सिंह की अध्यक्षता में बिजली कर्मचारियों को लेकर एक गेट मीटिंग की । यूनियन के बैनरतले एचएसईबी वर्कर यूनियन फरीदाबाद सर्कल के सचिव विनोद शर्मा ने मीटिंग के दौरान कहा कि हमारा बिजली का महकमा बेहद जोखिमों से भरा हुआ महकमा है । जिसमे फील्ड के अंदर सावधानी से काम ना करने पर टेक्निकल कर्मचारी को जान से हाथ धोना पड़ जाता है । जिसकी भरपाई किसी भी कीमत पर पूरी नही की जा सकती । बिजली दुर्घटना से सकुशल स्वस्थ रहने में किसी भी प्रकार की कोई गुंजाइश बाकी रहने की संभावना बहुत कम रह जाती है । सजगता व संयमता से काम ना किया गया तो बिजली के करंट से कर्मचारी कहीं ना कहीं अंग भंग होकर रह जाता है । हम अपने सभी टेक्निकल कर्मचारियों को आज की इस मीटिंग के माध्यम से बिजली की लाइनों पर काम करने के उपरान्त होने वाली असुविधा और जान माल की कोई हानि ना हो इसके लिये इस अभियान के तहत जागरूक रहने व जागरूक करने का भत्सर प्रयासरत काम एचएसईबी वर्कर यूनियन अपनी ओर से कर रही है । गेट मीटिंग कार्यक्रम के मौके पर यूनिट सचिव लेखराज चौधरी, वरिष्ठ उपप्रधान शौकीन, गिरेंदर, सुरेश चंद, मुकेश, राकेश, अमनदीप, मनोज, रोहित, शुभम, नसीब सिंह, राज कमल, नवीन, हरि नारायण, बलवन्त आदि काफी संख्या बल में बिजली कर्मी सहित कर्मचारी नेता मौजूद रहे।



# भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने जनसंपर्क अभियान के तहत पलवल के कुशलीपुर स्थित बघेल धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** इस अवसर पर अधिवक्ता व भाजपा नेता कुलदीप फागना के साथ अन्य अधिवक्ताओं ने कृष्णपाल गुर्जर का फूल माला डालकर स्वागत किया गया। कुश्लीपुर की बघेल धर्म शाला में स्वागत समारोह के दौरान फरीदाबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश में परिवर्तन लाने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि विश्व स्तर पर भारत ने अपनी अलग पहचान कायम की है। दुनिया भर के देशों ने भारत के प्रति अपनी सोच में बदलाव किया है। गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस के समय में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर था। आमजन की नजरों में नेताओं की छवि धूमिल हो रही थी। लेकिन भाजपा की सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का कार्य किया है। जिसके चलते आज दोबारा से नेताओं की साफ व स्वच्छ छवि निकलकर सामने आई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने देश में विकास किया है। दुनिया भारत में हुए विकास की तारीफ कर रही है। कांग्रेस के राज में भारत विकास की सूची में 12वें स्थान से 11वें स्थान पर आया। जबकि भाजपा के राज में देश 11वें स्थान से 5वें स्थान पर पहुंच गया है। दुनिया में अर्थव्यवस्था का आकलन करने वाले लोगों का मानना है कि जिस गति से भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है। वर्ष 2028 में भारत जर्मनी,जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की 3 महाशक्तियों में शुमार हो जाएगा।

# आयुष ग्राम बडौली में किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** महानिदेशक आयुष हरियाणा श्री अंशज सिंह के मार्गदर्शन तथा ज़िला आयुष अधिकारी डॉ संजीव कुमार के नेतृत्व में आयुष ग्राम बडौली में किसान जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।कार्यक्रम की संयोजक डॉ उर्वशी ने ग्राम बडौली के किसानों का लिए गोष्टी का आयोजन किया।जिसमें किसानों को औषधीय पौधों जैसे अश्वगंधा, शतावरी, गुग्गुल, गिलोय, नीम, गोक्षुर, पुनर्नवा आदि पौधों की खेती के बारे में बताया गया।साथ ही प्राकृतिक खेती के बारे में भी बताया गया। किसानों को बताया गया कि खेती में अनावश्यक मात्रा में उर्वरक तथा कीटनाशक न डाले जाए।डॉ उर्वशी ने किसानों को आयुर्वेदिक आहार विहार ,सद्वृत के बारे में भी जागरूक किया तथा बताया गया की हमारा खानपान किस प्रकार का होना चाहिए।सदा खानपान से हम जीवनशैली जनित बीमारियों जैसे मधुमेह, बीपी, अस्थमा, मोटापा आदि से काफी हद तक बचा जा सकता है।इस जागरूकता कार्यक्रम को किसानों ने सराहा तथा आयुष विभाग पलवल को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बैंक कर्मचारी ने घर पर फांसी लगाकर की आत्महत्या

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** आईसीआईसीआई बैंक में नौकरी करने वाले युवक ने बुधवार सुबह अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला नागरिक अस्पताल भिजवा दिया। चांदहट थाना पुलिस ने इस संबंध में मृतक युवक के पिता के बयान पर 174 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई करते हुए शव का बुधवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया। चांदहट थाना के पुलिस जांच अधिकारी



ओमप्रकाश के अनुसार, बडौली गांव निवासी ओमप्रकाश ने दिए बयान में कहा है कि उसके दो बेटे नरेश व दिनेश है। दिनेश आईसीआईसीआई बैंक होडल शाखा में नौकरी करता था। दिनेश पिछले कई दिनों से परेशान चल रहा था, जब उसे परेशानी का कारण पूछा तो उसने बताया कि उसे बैंक में कुछ लोग परेशान करते है। परेशान क्यों करते है पूछने पर बताया कि उससे केस आदि लाने के लिए कहते है। ओमप्रकाश ने कहा कि बैंक के कुछ कर्मचारी उसके बेटे को काफी दिनों से परेशान कर रहे थे। जिससे वह परेशान है और बुधवार को सुबह अपने घर पर ही फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस का कहना है कि न तो मृतक के पास कोई सुसाइड नोट मिला और न ही परिजन कोई सबूत दे पाए। जिसके चलते चांदहट थाना पुलिस ने मृत के पिता की शिकायत पर 174 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि यदि मृतक के परिजन इस संबंध में कोई सबूत पेश करेंगे या पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कोई बात सामने आएगी तो उचित कार्रवाई की जाएगी। फिल्हाल शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

# संजय कुमार ने इंडोनेशियाई प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की




**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार ने पीएम पोषण योजना पर इंडोनेशिया के समुद्री संसाधन उप समन्वय मंत्री मोचम्मद फिरमान हिदायत के साथ बैठक की। अपर सचिव आनंदराव वी. पाटिल ने प्रतिनिधिमंडल के साथ योजना का विवरण साझा किया। इस बैठक में अपर सचिव विपिन कुमार के साथ-साथ शिक्षा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपसथित थे। संजय कुमार ने बताया कि यह योजना सरकारी और सरकारी सहायताप्राप्त स्कूलों में प्री-प्राइमरी से आठवीं कक्षा तक के छात्रों को गर्म पका हुआ भोजन प्रदान करती है। इस प्रतिनिधिमंडल ने अपने देश में इसी प्रकार के एक कार्यक्रम को लागू करने के लिए मार्गदर्शन मांगा, और संजय कुमार से अमूल्य जानकारी प्राप्त की, जिन्होंने योजना का व्यापक विवरण प्रदान किया। पाटिल ने कार्यक्रम के बारे में मुख्य विवरणों पर प्रकाश डालते हुए एक प्रस्तुति की, जिसमें योजना के उद्देश्य, कार्यक्रम की व्यापकता, योजना के तहत किए गए प्रावधान, योजना के घटक आदि शामिल थे। पाटिल ने क्षमता-निर्माण संबंधी पहल, सामुदायिक भागीदारी, निगरानी और मूल्यांकन प्रक्रियाओं का पालन, सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों आदि पर जानकारी साझा की।

# ये जींस हो गई हैं आउट ऑफ ट्रेंड

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** फैशन का ट्रेंड लगातार बदलता रहता है, जिससे कुछ चीजें इतनी जल्दी पुरानी हो जाती हैं कि लोग उन्हें आउट ऑफ ट्रेंड मान लेते हैं। जींस भी इसमें से एक हैं। यह एक आउटफिट है, जिसे हम कुर्ती, टॉप, शर्ट, और टी-शर्ट के साथ भी स्टाइल कर सकते हैं।

### पहने स्ट्रेट कट जींस

ऐसा जरूरी नहीं है कि आपको हर तरह के टॉप के लिए अलग जींस ही लेनी होगी। ऐसे में आप नए फैशन की स्ट्रेट कट जींस को अपने वॉडरोब में शामिल कर सकते हैं। टी शर्ट हो या शर्ट, टॉप हो शॉर्ट कुर्ती, ये जींस हर तरह के आउटफिट के फिट बैठती है।

### बैगी जींस को ऐसे करें स्टाइल

आजकल ज्यादातर लड़कियों के पास बैगी जींस हैं, जो एकदम फंकी लुक देती हैं। इस तरह की जींस को आप शर्ट या टी शर्ट के साथ टक करके या फिर क्रॉप टॉप से साथ भी स्टाइल कर सकती हैं। आप इसके साथ ओवर साइज टीशर्ट भी कैरी कर सकती हैं।





### क्रॉप्ड स्ट्रेट लेग जींस

क्रॉप्ड स्ट्रेट लेग जींस भी आजकल खूब फैशन में है। इसे आप टी शर्ट, कैमिसोल, टर्टलनेक या टैंक टॉप के साथ वियर कर सकती हैं। स्ट्रैट कट में होने के कारण ये बहुत कम्फर्टेबल भी होती है। आप इस तरह की जींस को कहीं घूमने और पार्टी में जाने के लिए भी वियर कर सकती हैं।(स्रोत: समाचार एजेंसी)

# नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत कैंप थाना पुलिस ने 12 प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन सहित आरोपी किया गिरफ्तार



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी डॉ० अंशु सिंगला, आईपीएस द्वारा जिला पुलिस को नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हुए हैं इसी कड़ी में कार्य करते हुए कैंप थाना पुलिस ने एक नशा तस्कर को 12 प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। कैंप थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह के अनुसार मामले में दिनांक 2 अप्रैल 2024 को थाना में तैनात महिला एएसआई सुमित्रा के नेतृत्व में टीम नशा गतिविधियों पर रोकथाम हेतु थाना क्षेत्र अंतर्गत बराये नाकाबंदी आगरा चौक मोजुद थी जहां उन्हें विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक नशीली दवाईया इंजेक्शन बेचने का काम करता है जो आज भी प्रतिबंधित दवाईया/इंजेक्शन लेकर किठवाडी चौक की तरफ से रसूलपुर चौक की तरफ प्लेटिना मोटरसाईकिल जिस पर न0 नही है आएगा । सूचना के आधार पर टीम ने नाकाबंदी कर उसे धर दबोचा। मौका पर नियम अनुसार डियुटी मैजिस्टेट श्री पंकज सागर ETO सैल टैक्स पलवल के समक्ष तलाशी मे युवक से 4 इंजेक्शन बाईनोफिन IP, 4 ईंजेक्शन डाईजेपाम IP, व 4 ईंजेक्शन फिनापाईन मालेट IP मिले जिनको प्रतिबंधित एवं नशीले होने बारे ड्रग्स इंस्पेक्टर श्री संदीप गहलान DCO पलवल ने भी अपनी पुष्टि की। प्रभारी थाना ने बताया कि नशीले एवं प्रतिबंधित इंजेक्शन एवं मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत थाना कैंप पलवल में मामला पंजीबद्ध किया गया। आगामी जांच इकाई द्वारा आरोपीयों से बरामद इंजेक्शन के स्त्रोत बारे गहनता से पूछताछ जारी है। आरोपी को आज पेश अदालत किया जाएगा।

# गुप्ता एजेंसी नाम से किताबों की दुकान पर छापेमारी कर 1200 नकली किताबें पकड़ी



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** सीआईडी की गुप्त सूचना पर बुधवार को सीएम फ्लाईंग की टीम ने अलावलपुर चौक स्थित गुप्ता एजेंसी नाम से किताबों की दुकान पर छापेमारी कर 1200 नकली किताबें पकड़ी। मौके पर पहुंचे एनसीईआरटी दिल्ली के बिजनेस मैनेजर भूपेंद्र सिंह की शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। सीआईडी की गुप्त सूचना पर सीएम फ्लाईंग के सब इंस्पेकटर राजेंद्र कुमार की टीम ने एनसीईआरटी दिल्ली के बिजनेस मैनेजर भूपेंद्र के साथ अलावलपुर चौक स्थित गुप्ता एजेंसी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय गुप्ता एजेंसी (बुक डिपो) रक राजकुमार गुप्ता मौजूद मिला। टीम ने एजेंसी का निरीक्षण किया तो वहां भारी मात्रा में एनसीईआरटी की नकली किताबें रखी हुई थी। एनसीईआरटी के अधिकारी द्वारा जांच करने के बाद दुकान से करीब 1200 किताबों को कब्जे में ले लिया गया। मौके पर शहर थाना पुलिस को भी बुला लिया गया। टीम ने दुकान से किताबों को कब्जे में लेने के बाद दुकान पर मौजूद मिले राजकुमार गुप्ता को हिरासत में ले लिया और शहर थाना पहुंच गए। खबर लिखे जाने तक शहर थाना में टीम की ओर से हिरासत में लिए गए राजकुमार गुप्ता से पूछताछ की जा रही है। एनसीईआरटी की टीम द्वारा नकली किताबों को अपने कब्जे में लेते हुए गुप्ता एजेंसी के संचालक राजकुमार गुप्ता के खिलाफ शहर थाना में लिखित शिकायत दे दी गई है। शहर थाना प्रभारी राजेश कुमार का कहना है कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अवैध संबंधों के चलते पति ने पत्नी की गला दबाकर की हत्या

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** अवैध संबंधों के चलते पति ने 29 वर्षीय पत्नी का गला दबाकर हत्या कर दी। आरोप है कि आरोपी पति के किसी अन्य महिला के साथ अवैध संबंध थे। पत्नी के विरोध करने पर उसकी हत्या कर दी गई। शहर थाना पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर पति सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। शहर थाना प्रभारी राजेश कुमार के अनुसार, एनआईटी (फरीदाबाद) की राहुल कॉलोनी निवासी राजकुमार ने दी शिकायत में



कहा है कि उन्होंने अपनी बहन ऊषा की शादी करीब दस वर्ष पूर्व पंचवटी कॉलोनी निवासी ओमप्रकाश के साथ की थी। शादी के बाद उसकी बहन ने दो बेटियों को जन्म दिया, बड़ी बेटी तीन वर्ष की है तथा छोटी बेटी छह माह की है। बुधवार को सुबह करीब साढे छह बजे उसके पास उसके जीजा ओमप्रकाश का फोन आया कि ऊषा की मौत हो चुकी है। वह अपने परिजनों के साथ मौके पर पहुंचा तो उसकी बहन ऊषा मृत अवस्था में मिली। शिकायत में कहा गया कि जीजा ओमप्रकाश के किसी अन्य महिला के साथ अवैध संबंध है। ओमप्रकाश के पिता श्यामलाल, भाई जयप्रकाश व उसकी पत्नी आरती को भी इस बारे में पता है और सभी आरोपी इसमें ओमप्रकाश के गलत कार्यों में उसका साथ देते है। शादी के 10 साल बाद भी ऊषा के साथ मारपीट करते थे। आरोपी पति दूसरी महिला के साथ पलवल में ही किराये के मकान में रह रहा था, जिसके चलते उसकी बहन अपने मायके में रह रही थी। 31 मार्च को ओमप्रकाश उसकी बहन को पलवल ले आया और बुधवार सुबह उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। शिकायत में कहा गया कि उसकी बहन तीन साल व छह महीने की दो बेटियां हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिल्हाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया है।

# 999 टेलीकॉम पर एक करोड़ की फिरौती की मांग को लेकर की गई फॉयरिंग मामले में शामिल दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** आरोपियों में एक मुख्य आरोपी व दूसरा उसका सहयोगी बताया जा रहा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को मंगलवार को अदालत में पेश किया, जहां से दोनों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। रिमांड के दौरान उनके साथियों के बारे में व उनके द्वारा वारदात में प्रयोग किए गए हथियारों को बरामद किया जाएगा। इससे पहले पुलिस तीन मुख्य आरोपियों के सहयोगियों को गिरफ्तार कर चुकी है। जानकारी के अनुसार, 29 मार्च को सुबह करीब साढ़े नौ बजे आगरा चौक के निकट स्थित 999 टेलीकॉम दुकान पर फॉयरिंग हुई थी। पुलिस ने सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग खंगाली तो उसमें पांच युवक हाथों में हथियार लेकर फॉयरिंग करते व हथियारों को लहराते हुए दौडकर जाते हुए दिखाई दे रहे थे। वारदात को बाद मौके पर एसपी डॉ. अंशु सिंगला सहित भारी पुलिस बल व भाजपा के नेता मौके पर पहुंचे थे। एसपी ने भाजपा नेताओं को आश्वासन दिया था कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जिसके बाद पुलिस की टीमें आरोपियों की तलाश में जुट गई और आरोपियों को सहयोग करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उक्त तीनों को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया और फिर जेल भेज दिया। शहर थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि गोली चलाने के एक आरोपी को उसके सहयोगी सहित पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के दौरान भागते समय गिरने के कारण गोली चलाने के मुख्य आरोपी रोहित के पैर में फैक्चर हो गया था, जिसका अस्पताल में उपचार कराया गया। फैक्चर होने के कारण आरोपी रोहित के पैर पर प्लास्टर किया हुआ है। जबकि रोहित का सहयोग करने वाले आरोपी अंकुश उर्फ अशोक को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का जिला नागरिक अस्पताल में मैडिकल कराने के बाद अदालत में पेश किया। अदालत ने दोनों आरोपियों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि रिमांड के दौरान उनके अन्य साथियों व हथियारों के बारे में पूछताछ की जाएगी। आरोपियों से उनके द्वारा वारादात में प्रयोग वाहन व हथियारों को भी बरामद किया जाएगा।

## पुलिस ने 12 प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन सहित एक आरोपी को काबू किया

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** कैंप थाना पुलिस ने 12 प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन सहित एक आरोपी को काबू किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कैंप थाना प्रभारी इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह के अनुसार महिला एएसआई सुमित्रा के नेतृत्व में टीम नशा गतिविधियों पर रोकथाम के लिए आगरा चौक पर नाकाबंदी कर जांच कर रही थी। तभी सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक नशीली दवाइयां इंजेक्शन बेचने का काम करता है, जो आज भी प्रतिबंधित इंजेक्शन लेकर किठवाडी चौक की तरफ से रसूलपुर चौक की तरफ प्लेटिना बाइक पर आ रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने नाकाबंदी कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट आबकारी अधिकारी पंकज सागर के नेतृत्व में आरोपी से चार इंजेक्शन बाईनोफिन आईपी, चार इंजेक्शन डाइजेपाम आइपी व चार इंजेक्शन फिनापाईन मालेट आइपी बरामद हुए, जिनको प्रतिबंधित एवं नशीले होने बारे ड्रग्स इंस्पेक्टर संदीप गहलान पलवल ने भी अपनी पुष्टि की। पुलिस ने प्रतिबंधित इंजेक्शन व बाइक को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## संपादकीय

# कांग्रेस की मंद होती रोशनी के क्या कारण है?



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

देश की सबसे पुरानी एवं मजबूत कांग्रेस पार्टी बिखर चुकी है, पार्टी के कद्दावर, निष्ठाशील एवं मजबूत जमीनी नेता पार्टी छोड़कर अपनी सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी पार्टी भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं, वह भी तब जब लोकसभा चुनाव सन्निकट है। कांग्रेस नेताओं का यह दलबदल आश्चर्य की बात हैं, पार्टी छोड़ने का जैसा सिलसिला चल रहा है, वह देश के इस सबसे पुराने दल की दयनीय दशा और स्याह भविष्य को ही रेखांकित करता है। हालांकि भाजपा और कुछ अन्य दलों के चंद नेता कांग्रेस की शरण में भी गए हैं, लेकिन इसकी तुलना में उसके नेताओं के पार्टी छोड़ने की संख्या कहीं अधिक है। प्रश्न है एक लोकतांत्रिक संगठन की यह दुर्दशा एवं रसातल में जाने की स्थितियां क्यों बनी? इसके कारणों की समीक्षा एवं आत्म-मंथन जरूरी है। कांग्रेस पार्टी लगातार न केवल हार रही है, बल्कि टूट एवं बिखर रही है, जनाधार कमजोर हो रहा है, इन बड़े कारणों के बावजूद पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने न इसकी समीक्षा की, न विश्लेषण किया। कांग्रेस पर वंशवाद एवं पुत्रमोह का ठप्पा लगा हुआ है। पार्टी में आंतरिक प्रजातंत्र नहीं है। शीर्ष नेतृत्व निर्णय लेने में अक्षम है। बहुसंख्यकों के कल्याण की कोई नीति नहीं है। तुष्टीकरण नीति भी उसके लिए घातक साबित हो रही है। इन बड़े कारणों के बावजूद पार्टी में सन्नाटा पसरे होने के कारण ही अनेक जिम्मेदार एवं कर्णधार नेता ही पार्टी छोड़कर जा रहे हैं या चले गये हैं। आज का कांग्रेसी शीर्ष नेतृत्व साम्प्रदायिक, असामाजिक, स्वार्थी, चाटुकारी एवं देश-विरोधी तत्वों के साथ इस तरह ताना-बाना हो गया है कि उससे निकलना मुश्किल हो गया है। सांप-छछूंदर की स्थिति है। न निकलते बनता है और न उगलते। कांग्रेस नेतृत्व सत्ता प्राप्ति की खुशफहमी और खोने के खतरे की फोबिया से ग्रस्त है। कांग्रेस के नेताओं के कांग्रेस छोड़ने से पार्टी नेतृत्व को हैरान-परेशान होना चाहिए, लेकिन शायद ही ऐसा हो, क्योंकि राहुल गांधी आम तौर पर ऐसे नेताओं को डरपोक या अवसरवादी करार देकर कर्तव्य की इतिश्री कर लेते हैं। वह और उनके करीबी यह देखने-समझने के लिए तैयार नहीं कि आखिर क्या कारण है कि एक के बाद एक नेता पार्टी छोड़ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते रवनीत सिंह का भाजपा में जाना इसलिए कांग्रेस के लिए एक बड़ा आघात है, क्योंकि पंजाब उन राज्यों में है, जहां कांग्रेस अपेक्षाकृत मजबूत दिखती है और भाजपा तीसरे-चौथे नंबर के दल के तौर पर देखी जाती है। बात पंजाब ही नहीं, महाराष्ट्र, हिमाचल एवं अन्य प्रांतों की भी ऐसी ही है। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि कांग्रेस छोड़ने वालों में कई ऐसे नेता भी हैं, जो गांधी परिवार के करीबी माने जाते थे, जैसे अशोक चव्हाण, मिलिंद देवड़ा, सुरेश पचौरी। इसके पहले राहुल गांधी की युवा ब्रिगेड के सदस्य कहे जाने वाले अधिकांश नेता भी कांग्रेस से विदा ले चुके हैं। कांग्रेस छोड़ने वाले नेताओं में एक बड़ी संख्या उनकी है, जो अपना स्वतंत्र राजनीति वर्चस्व एवं पहचान रखते हैं, वे अपने जनाधार के लिए जाने जाते हैं। गांधी परिवार के करीबी एवं चाटुकार नेताओं में बहुत कम ऐसे हैं, जो अपने बलबूते चुनाव जीतने की क्षमता रखते हों।

# रक्षा मंत्री ने कमांडरों सम्मेलन में वरिष्ठ नेतृत्व को किया संबोधित

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में एक सेना कमांडरों का सम्मेलन आयोजित हो रहा है। यह द्विवार्षिक कार्यक्रम है जिसमें सेना के शीर्ष नेतृत्व ने सुरक्षा परिदृश्यों, सीमाओं की स्थिति, और अन्य चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। इसमें संगठनात्मक पुनर्गठन, तकनीकी समावेश, और वैश्विक स्थितियों का आकलन भी हुआ।




रक्षा मंत्री ने कहा कि विश्व की वर्तमान जटिल स्थिति सभी को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि हाइब्रिड युद्ध सहित अपरंपरागत और असीमित युद्ध भविष्य के युद्धों का हिस्सा होगा। भविष्य में साइबर, सूचना, संचार, व्यापार और वित्त संघर्षों का एक अविभाज्य हिस्से के रूप में सामने आ रहे हैं। इसके लिए आवश्यक हो गया है कि सशस्त्र बलों को योजना निर्धारण और रणनीति गठन के समय इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखना होगा।

उत्तरी सीमाओं पर वर्तमान स्थिति पर, माननीय रक्षा मंत्री ने पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे सैनिक दृढ़ हैं, शांतिपूर्ण समाधान के लिए चल रही वार्ता जारी रहेगी। विघटन और डी-एस्केलेशन आगे का रास्ता है। रक्षा मंत्री ने सीमा सड़क संगठन के प्रयासों की सराहना की, जिसके कारण कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए पश्चिमी और उत्तरी दोनों सीमाओं में सड़क संचार में परिमाण सुधार हुआ है।

रक्षा मंत्री ने पश्चिमी सीमाओं पर स्थिति का उल्लेख करते हुए सीमा पार आतंकवाद से निपटने के लिए भारतीय सेना की प्रतिक्रिया की सराहना की। उन्होंने कहा कि हालांकि दुश्मन द्वारा छद्म युद्ध जारी है। रक्षा मंत्री ने कहा, मैं जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खतरे से निपटने में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल/पुलिस बलों और सेना के बीच उत्कृष्ट तालमेल की सराहना करता हूं। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में समनवित अभियान, क्षेत्र में स्थिरता बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं और इसे जारी रखना चाहिए।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा कूटनीति, स्वदेशीकरण, सूचना युद्ध, रक्षा आधारभूत अवसंरचना और सशस्त्र बल आधुनिकीकरण से संबंधित मुद्दों पर हमेशा ऐसे मंच पर चर्चा की जानी चाहिए।

सशस्त्र बलों को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए जब भी आवश्यक हो, सैद्धांतिक परिवर्तन किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि कमांडरों के सम्मेलन जैसे मंच पर वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा की गई सिफारिशों और सुझावों पर विचार-विमर्श किया जाना चाहिए और यदि आवश्यक हो तो समीक्षा और संशोधन के साथ एक तार्किक निष्कर्ष पर ले जाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को अपनी सेना पर गर्व है और सरकार सुधारों और क्षमता आधुनिकीकरण के मार्ग पर सेना को आगे बढ़ने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# कनीना मंडी में किसानों की सुविधा के लिए मार्केट कमेटी की ओर से दो कांटे संचालित





### सरसों से भरे एवं खाली वाहन तुलाई का नहीं देना होगा चार्ज

### बुधवार को खरीदी गई 15200 क्विंटल सरसों

### उठान कार्य के चलते आज 4 अप्रैल को जिले की मंडियों में जारी नहीं किए जाएगें गेट पास

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना की नयी आनाज मंडी चेलावास, में पिछले तीन से जारी सरसों की खरीद को लेकर किसानों के वाहनों की संख्या दिनोंदिन बढती जा रही है। जिसकी उचित व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस कर्मचारी जुटे हुए हैं। बुधवार को दोपहर डेढ बजे तक मार्केट कमेटी की ओर से 435 किसानों के गेट पास जारी किए जा चुके थे तथा 9500 क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी थी। सांय तक गेट पास की संख्या बढकर 685 तथा सरसों की खरीद 15200 क्विंटल खरीद का अनुमान आंका गया। सरसों बेचने के लिए आए किसानों के वाहनों की कनीना-नारनौल मार्ग पर कतार लगी हुई थी। ईधर मार्केट कमेटी प्रशासन की ओर से किसानों की सुविधा के लिए मंडी में एंट्री प्वाईंट पर दो धर्मकांटे शुरू किए गए हैं जिन पर बिना किसी शुल्क के किसानों के भरे एवं खाली वाहनों का वजन किया जा रहा है। दोनों धर्मकाटें बराबर कार्य कर रहे हैं। मंडी में छांव में बैठने के लिए तीन स्थानों पर शामियाना लगाया गया है वहीं ठंडे पेयजल के लिए दो वाटर कूलर संचालित किए गए हैं। बिजली तथा साफ-सफाई की उचित व्यवस्था की गई है। नई आनाज मंडी में पहली बार खरीद के समय व्यवस्था दुरूस्त की गई है। फिलहाल नैफेड के लिए खरीद एजेंसी हैफेड द्वारा सरसों की खरीद हैंडलिंग एजेंटों के माध्यम से की जा रही है। अभी तक गेहूं की आवक शुरू नहीं हुई है। खरीद एजेंसी हैफेड के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि 5650 रूपये की दर से सरसों की खरीद की जा रही है। जिसका भुगतान किसानों को 72 घंटे के अंतराल में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खरीदी गई सरसों स्टेट वेयर हाउस कनीना के गोदाम में रखी जाएगी। यहां पर साढे 22 हजार क्विंटल सरसों रखने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि सोमवार को 15 गावों के 206 किसानों की 4525 क्विंटल,मंगलवार को 28 गावों के 434 किसानों की 9206 क्विंटल सरसों की खरीद की गई थी। वाहनों में जीपीएस सिस्टम नहीं होने के कारण दो दिन से सरसों का उठान कार्य नहीं हो सका। निजी कम्पनी की ओर से बुधवार सांय से उठान कार्य शुरू किया गया है।

मार्केट कमेटी सचिव नकुल यादव ने बताया कि सुबह 8 बजे से सायं 4 बजे तक किसानों को गेटपास जारी किए जा रहे हैं। खरीद एजेंसी हैफेड की ओर से सरसों की खरीद की जा रही है। उन्होंने कहा कि कुछ व्यक्ति धर्मकाटें को लेकर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं उनका मत किसानों को निजी धर्मकाटों पर वजन कराने तथा किसानों की जेब ढीली कराने का है। मंडी में संचालित किए गए धर्मकाटें पूर्णरूप से सही कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान धैर्य रखें खरीद प्रक्रिया मई माह तक चलेगी। सभी किसान आसानी से अपनी सरसों बेच सकेगें। ईधर जिला उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि खरीदी गई सरसों के उठान कार्य के चलते आज बृहस्पतिवार 4 अप्रैल को जिले की मंडियों में किसानों को टोकन जारी नहीं किए जाऐगें। 4 अप्रैल को किसान मंडी में सरसों लेकर न आएं। 5 अप्रैल को गेट पास जारी किए जाएगें।

# कॉलेज जाने के लिए घर से निकली छात्रा हुई गायब

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सदर थाना अंतर्गत एक गांव से ताल्लुक रखने वाली तथा राजकीय महिला महाविद्यालय उन्हाणी में बीएससी द्वितीय वर्ष की कक्षा में पढने वाली छात्रा लापता हो गई। छात्रा सुबह करीब साढे 9 बजे घर से कॉलेज जाने के लिए निकली थी। जो देर सांय तक घर नहीं पहुंची। चिंतित परिजनों ने छात्रा की तलाश शुरू की। लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। संदीप कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में डुलाना वासी संदीप पर छात्रा को अज्ञात स्थान पर बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मोहनपुर में दुकानदार से मारपीट करने के आरोप में छह व्यक्ति नामजद

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** खंड के गांव मोहनपुर,नांगल में दुकानदार से मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने छह व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे में सतप्रकाश वासी मोहनपुर ने कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसने कनीना-नारनौल मार्ग पर चाय तथा परचून की दुकान की हुई है। जहां संदीप उर्फ सोनू उनके पास आया ओर गाली-गलोच कर चला गया। बाद में राजपाल,संदीप, संजीव, निशा, सरोज,सवीन व उसके मामा का लडका दुकान पर आए ओर दुकान पर लगे शीशे पर पत्थर मारकर अच्का दिया ओर उनके साथ भी मारपीट की। जिससे वह घायल हो गया। जिसे उप नागरिक अस्पताल कनीना में दाखिल कराया गया। सतप्रकाश ने आरोपियों के खिलाफ इससे पूर्व भी मारपीट करने का आरोप लगाया है जिसकी प्राथमिकी विभिन्न पुलिस थानों में दर्ज हुई बताई गई हैं। पुलिस ने सतप्रकाश की शिकायत पर उपरोक्त छह व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# एनएच पर कट छोडने की मांग को लेकर ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना जारी

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बागोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को 388वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता रणधीर पहलवान बागोत ने की। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी घोषणा के अनुरूप जनहित के कार्य करने में पीछे है। जिससे ग्रामीणों में आका्रेस है। धरना संघर्ष समिति के अयक्ष विजय सिंह ने कहा कि फसल कटाई कार्य के बीच ग्रामीण धरना देने पर मजबूर हैं। सरकार द्वारा आश्वासन देने के बावजूद इसका कार्य शुरू नहीं कर रही है। जब तक कट बनाने का काम शुरू नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर शेरसिंह, नरेंद्र शास्त्री,हरिओम पोता, बेड़ा सिंह,धर्मपाल सिंह,विजयपाल,मुंशी राम, सूबेदार सुखबीर सिंह,प्यारेलाल, वेदप्रकाश हाजिर थे।

# बव्वा में आयोजित शीतला माता मेले में महिलाओं की खरीददारी

## बासोडा पर्व पर आयोजित किया गया मेले का आयोजन

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** बुधवार को बव्वा में आयोजित शीतला माता मेले में महिलाओं ने जमकर खरीददारी की। दूर दराज से आए श्रधालुओं ने माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर मत्था टेक मन्तें मांगी। मेला कमेटी की ओर से पखवाडेभर पूर्व से इसकी तैयारियां की जा रही थी। कमेटी के कोषाध्यक्ष सूबेदार चंद्रभान यादव ने बतया कि माता मंदिर प्रांगण में पिछले तीन दिन से उत्सव जैसा महौल बना हुआ है। सोमवार, को रात्री जागरण का आयोजन किया गया। मंगलवार को सुबह 10 बजे भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रधालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। बुधवार को आयोजित मेले में दूर-दराज से आए श्रधालुओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि बासोड़ा पर्व पर आयोजित इस मेले में नवविवाहित जोड़ों द्वारा पूजा-अर्चना का विधान है वहीं नवजात शिशुओं का मुंडन संस्कार भी किया जाता है। मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मेला कमेटी तथा पुलिस कर्मचारी मुस्तैद रहे।




इस मौके पर सूबेसिंह प्रधान, सुरेश कुमार, राजकुमार, मुखत्यार सिंह, सजन सिंह, राजेंद्र सिंह, लालाराम, राजीव यादव, गोपीराम, कविता यादव, पूनम एचसी, मनीषा, संजय कुमार, सुरेंद्र सिंह,जगदीश यादव सहित ग्रामीण उपस्थित थे।


### आवश्यक सूचना

समाचार गेट का इस समाचार पत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि अवश्य कर लें।








## इंद्रा देवी ने अपने पति की याद में आमजन के लिए लगाया वॉटर कूलर



**समाचार गेट/सोनिका सुरा**

**सिवानी।** खंड के सबसे बड़े गांव बड़वा के न्यू बस स्टैंड पर इंद्रादेवी ने अपने पति स्व. प्रताप सिंह तहसीलदार की याद में आमजन के लिए वॉटर कुलर लगवाया। गांव के सामाजिक कार्यकर्ताओ ने इंद्रा देवी का आभार प्रकट किया। वॉटर कुलर राजेंद्र कुमार सिंहमार (खाद बीज ) की दुकान के सामने लगाया गया हैं। इस मौके पर ,धोलू राम धतरवाल (सरपंच प्रतिनिधि) रोहताश कुमार पंच, सुरेश कुमार पूर्व बीडीसी , रमेश कुमार पूर्व चेयरमैन,राजेन्द्र कुमार पूर्व पंच, राजेंद्र सिंह सिंहमार, सुभाष बसेवाल पूर्व प्रधान,रामकरण भाटीवाल,डॉक्टर दलबीर भाटीवाल, दोलत राम सैन, मास्टर छोटू राम, ओम प्रकाश खटावलिया, मौजी राम भाटीवाल ,दयानन्द भाटीवाल धर्मपाल धतरवाल, साहब राम धतरवाल, शुशील बिकासिया आदि काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## महिला महाविद्यालय उन्हाणी में वैदिक साहित्य पर किया संगोष्ठि का आयोजन



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राजकीय महिला महाविद्यालय उन्हाणी में गायत्री परिवार, गुरुग्राम के सौजन्य से वैदिक साहित्य विषय पर एक संगोष्ठि का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह ने की। चांद राम यादव व वेदप्रकाश आर्य ने छात्राओं को संबोधित करते हुए गायत्री मंत्र के शुद्ध उच्चारण एवं उसके महत्व तथा कबीर, समर्थ रामदास, रामकृष्ण परमहंस व विवेकानंद के जीवन मूल्यों पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वेद ईश्वर की वाणी है। वेद ही ब्रह्म सत्य, विज्ञान सत्य और ब्रह्मांड सत्य हैं। उन्होंने मानव जीवन के सोलह संस्कारों के बारे में भी बताया। हमारी संस्कृति असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय, का संदेश देते हुए मानव को सन्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है। इस संस्था ने राजकीय महाविद्यालय कनीना व बाबा खेतानाथ महाविद्यालय बिठेड़ा में विद्यार्थियों को जानकारी दी। गायत्री परिवार की ओर से उन्हाणी महाविद्यालय पुस्तकालय के लिए 86 पुस्तकें प्रदान की गई। पुस्तकालय इंचार्ज अनिल कुमार ने कहा कि पुस्तकालय में वैदिक साहित्य, दर्शन और संस्कृति का एक उपभाग बनाया गया है, जिसके माध्यम से छात्राएं वैदिक ज्ञान से लाभानवित हो सकें।

# नूंह पुलिस ने आनलाईन ठगी करने के मामले में 02 आरोपियों को किया गिरफ्तार

### आरोपियों के कब्जे से 05 मोबाईल फोन व 08 सिम बरामद

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** निरीक्षक सुभाष प्रभारी एन्टी–नारकॉटिक्स सैल एवं अपराध शाखा तावडू ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रधान सिपाही कुतुबद्दीन अपनी टीम के साथ गश्त में थाना सदर तावडू क्षेत्र में मौजूद था । उसी समय गुप्त सूचना प्राप्त हुई हमजा पुत्र शेर मौहम्मद निवासी घासेडा व साकिर पुत्र मन्जूर निवासी उटावड का नंगला जिला मथूरा (यू0पी0) हालाबाद चाहलका थाना सदर तावडू, जिला नूंह फर्जी सिमों, फर्जी मोबाईल फोन एवं फर्जी बैंक खातों का इस्तेमाल करके आमजन से संपर्क कर उनके जानकार बनकर अपने झांसे में लेकर फर्जी ट्रांजेक्सन टैक्सट मैसेजों को फर्जी सिमों के इस्तेमाल से डालकर / भेजकर फर्जी फोन–पे / गुगल–पे व अन्य बैंक खातों में रुपये ड़लवाकर आनलाईन ठगी करते हैं । जो आज भी



सोहनातावडू रोड चाहलका मोड पर कहीं जाने के लिए सवारी के इंतजार में खड़े हैं । जिस सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर उपरोक्त शख्सों को काबू किया । नाम पता पूछने पर एक शख्स ने अपना नाम हमजा उपरोक्त व दुसरे ने अपना नाम साकिर उपरोक्त बतलाया । तलाशी लेने पर दोनों शख्सों के कब्जा से 05 मोबाईल फोन व 08 सिम बरामद हुई । पूछताछ व आरोपीयों के फोन की जांच करने पर फोन में फर्जी ट्रांजेक्सन टैक्सट मैसिज, आमजन के साथ संदिग्ध चैटिंग व आमजन के फोटो, क्यूआर कोड़ वगैरा मिली । सभी मोबाईल फोन व सिमों को नियमानुसार कब्जा पुलिस में लिया गया । जिस सबंध में थाना साईबर अपराध नूंह में सबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज रजिस्टर करके निरीक्षक ओमबीर, थाना साईबर क्राईम नूंह द्वारा उपरोक्त दोनों आरोपियों को मुकदमा में नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । मुकदमा के सबंध में आरोपियों से पूछताछ जारी हैं । दोनों आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## शादी कराने के नाम पर आमजन से धोखाधडी कर रुपये ऐठने के मामले में दो गिरफ्तार

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह में बेटियों (लडकियों) की शादी में कन्यादान देने के नाम पर लोगों से धोखाधडी कर रकम ऐठनें वाले मौलाना अरशद पुत्र फजरुद्दीन निवासी बुबलहेडी व राशीद पुत्र मजीद निवासी मुराकसर थाना हथीन जिला पलवल को निरीक्षक रतन सिंह, प्रबन्धक थाना नगीना के नेतृत्व में गठित टीम ने दबोचने में सफलता हासिल की है । थाना नगीना पुलिस ने दोनों आरोपियों को आज अदालत में पेशकर पूछताछ व बरामदगी के लिये पुलिस रिमांड पर लिया है । एक अप्रेल को जुबेदा पत्नि कमालूद्दीन निवासी नांगल शाहपुर तहसील नगीना, जिला नूंह ने थाना नगीना में एक दरखास्त अपनी बेटी की शादी कराने व कन्यादान देने के नाम पर मौलाना अरशद व राशीद उपरोक्त एवं उनके अन्य साथियों द्वारा उससे धोखाधडी कर करीब 02 महिने

**दोनों आरिपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया।**

पहले 1,10,000 रुपये, कन्यादान के रुप में एक मोटरसाईकिल स्पलैंडर, पूरा शादी का सामान व 21,000 रुपये नकद कन्यादान के रुप में देने की बात कहकर लेने बारे पेश की । जिस पर थाना नगीना में संबर्नधित धाराओं के तहत उपरोक्त सभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके निरीक्षक रतन सिंह, प्रबन्धक थाना नगीना के नेतृत्व में गठित टीम ने मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी राशीद उपरोक्त को बडकली चौक नगीना से व मौलाना अरशद उपरोक्त को गांव बुबलहेडी से काबू कर गिरफ्तार किया । प्रथम पूछताछ पर दोनों आरोपियों ने अपने अन्य साथियों की मदद से करीब 1400 लोगों से बेटी



की शादी में कन्यादान देने के नाम पर धोखाधडी करके करीब 14 करोड रुपये लेना कबूल किया है । दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है । दोनों आरोपियों को आज अदालत में पेश कर और अधिक गहनता से पूछताछ व बरामदगी के लिये पुलिस रिमांड पर लिया जायेगा।

## जेजेपी की युवा विंग ने मनाया पूर्व उपमुख्यमंत्री का जन्मदिन



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चैटाला के जन्मदिवस को जेजेपी की युवा विंग ने सदभावना दिवस के रूप में मनाया। अटेली हलका के युवा प्रधान महिपाल नम्बरदार ने बताया कि झुग्गी–झोंपड़ी में गरीबो व जरूरतमंद को भोजन कराया गया तथा बागोत स्थित बागेश्वर धाम महादेव गौशाल में गायों के लिए सवामणी आयोजित की गई। कार्यकर्ताओ ने पौधारोपण कर जानवरों के लिए पानी के सकोरे रखे गए। महिपाल नम्बरदार ने कहा कि क्षेत्र में लगातार बढ़ती गर्मी को देखते हुए पक्षियो के लिए पानी के सकोरे गरीबो को भोजन व गौवंश के लिए सवामणी लगा कार्यकर्ताओ ने पुर्व उप–मुख्यमंत्री दुष्यंत चोटला की लंबी आयु की कामना की है। इस अवसर पर पीताम्बर, अनुज कौशिक, महेन्द्र, बेदराम गोस्वामी, जोगिंदर, सुंदर, देवीलाल, तुलसीराम शर्मा, रमेश पहलवान, गजराज, राजेंद्र सहित युवा उपस्थित थे।


## हिंदू विद्या निकेतन विद्यालय में हवन यज्ञ से हुआ नए सत्र का शुभारंभ





**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हिंदू विद्या निकेतन विद्यालय नूंह में नव सत्र आरंभ के अवसर पर हवन यज्ञ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक पंकज सिंगला , आर्य समाज प्रधान ज्ञानचंद आर्य व राजेश शास्त्री उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय छात्रों ने भी हवन में सहभागिता की ।विद्यालय प्रबंधक ने छात्रों को हवन के महत्व व नव सत्र की शुभकामनाएं देते हुए सभी को नव सत्र में नई उमंग, उत्साह व परिश्रम के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। विद्यालय प्रधानाचार्य पृथ्वीराज कौशल ने सभी आचार्यों एवं छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि छोटे–छोटे प्रयास से ही बड़ी सफलता प्राप्त की जाती है। हमें विद्यालय में अपना कर्तव्य कर्म पूरी मेहनत व निष्ठा के साथ करना चाहिए। इस पावन अवसर पर हि०व०मा० विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र व समस्त हिन्दू विद्या निकेतन विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।






# चुनाव डयूटी महत्वपूर्ण, इसे ईमानदारी से निभाएं पुलिस अधिकारी व कर्मचारी : सोनाक्षी सिंह एएसपी नूंह

**एएसपी की अध्यक्षता में सभी उप-पुलिस अधीक्षकों, थाना अध्यक्षों, पुलिस पेट्रोलिंग पार्टियों तथा एफएसटी व एसएसटी के साथ नियुक्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक हुई**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करवाने तथा सभी राजनैतिक दलों व उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार में समान अवसर देने तथा चुनाव की घोषणा के साथ ही लागू आदर्श चुनाव आचार संहिता की अनुपालना के उद्देश्य से जिला में फ्लाइंग स्क्वायड व सर्विलेंस टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों के साथ पुलिस बल भी तैनात रहेगा तथा पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टियां अलग से सक्रिय रहेंगी।

सहायक पुलिस अधीक्षक नूंह सोनाक्षी सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में सभी उप-पुलिस अधीक्षकों, थाना अध्यक्षों, पुलिस पेट्रोलिंग पार्टियों तथा एफएसटी व एसएसटी के साथ नियुक्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक हुई। इस बैठक में चुनाव के दौरान पुलिस के कार्यों व डयूटी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर त्वरित कार्यवाही की जानी है। चुनाव प्रचार के दौरान गाड़ी या लाउड स्पीकर के प्रयोग की अनुमति लेना आवश्यक है। रैली स्थल व पोस्टर, बैनर के लिए भी स्थान निर्धारित किए जाएंगे। चुनाव प्रचार के दौरान राजनैतिक दल या उम्मीदवार या उनका समर्थक अगर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करते हैं या किसी जाति, धर्म, समुदाय के खिलाफ टिप्पणी करते हैं या उनके लिए भय व डर का वातावरण बनाते हैं तथा इसके साथ ही किसी प्रकार के कैश या अवैध शराब की मूवमेंट होती है तो इस प्रकार की गतिविधियों को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों के साथ सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी साथ रहेंगे। ये सभी टीमें 24 घंटे फील्ड में सक्रिय रहेंगी। इसलिए चुनाव की इस ड्यूटी को बहुत ही महत्वपूर्ण मानते हुए इसे ईमानदारी से निभाएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। कोई भी संदिग्ध गतिविधि होने पर इसकी सूचना संबंधित थाना अध्यक्ष, संबंधित उप-पुलिस अधीक्षक, संबंधित विधानसभा क्षेत्र के एसडीएम व एआरओ तथा जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त को अवश्य दें। उन्होंने बताया कि चुनाव डयूटी के लिए एक संचार योजना (कम्युनिकेशन प्लान) बनाई जाएगी, जिसके लिए सभी संबंधित के मोबाइल व संपर्क नंबर उपलब्ध करवाए जाएंगे, ताकि कोई भी घटना होने पर त्वरित कार्यवाही अमल में लाई जा सके। मीटिंग में नायब तहसीलदार निर्वाचन राजेंद्र सिंह ने सभी अधिकारियों को एफएसटी, एसएसटी टीमों के कार्यों व कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनाव में मतदान करने की शपथ दिलाई गई और अपील की गई कि वे अपने आसपास के लोगों, परिवार के सदस्यों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें तथा लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढक़र हिस्सा लें। इस अवसर पर डीएसपी सुरेंद्र सिंह, कप्तान सिंह, प्रदीप कुमार, सुरेंद्र कुमार, मुकेश कुमार आदि भी उपस्थित रहे।

# चुनाव में वैकल्पिक पहचान-पत्र से भी डाल सकते हैं वोट : जिला निर्वाचन अधिकारी

**चुनाव आयोग ने एपिक कार्ड के अलावा 11 अन्य वैकल्पिक आईडी की दी मंजूरी**

**मतदाता सूची को चेक कर अब भी बनवा सकते हैं वोट**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** लोकसभा चुनाव के तहत 25 मई को होने वाले मतदान में जिला का प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करे। प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर ले कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है या नहीं, अगर किसी कारण से उसका नाम अभी भी मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो वह अपने बीएलओ व ऑनलाइन आवेदन कर अभी भी वोट बनवा सकता है। मतदान के दिन यदि किसी मतदाता के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह अन्य वैकल्पिक पहचान-पत्र के माध्यम से भी वोट डाल सकता है। इसके लिए चुनाव आयोग ने एपिक कार्ड के अलावा 11 अन्य वैकल्पिक आईडी की मंजूरी दी है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि वोट डालने के लिए मतदाता का नाम मतदाता सूची में होना जरूरी है। मतदाता सूची में नाम दर्ज होने और मतदाता पहचान पत्र न होने की स्थिति में वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान-पत्र में से कोई एक आईडी के साथ अपना वोट डाल सकता है। उन्होंने बताया कि मतदाता के पास पुराना वोटर कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है। चुनाव आयोग द्वारा वोट डालने के लिए जिन वैकल्पिक दस्तावेज की मंजूदी दी गई है, उनमें पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज और आधार कार्ड शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट सीईओ.ईसीआईहरियाणा.जीओवी. इन पर विधानसभा अनुसार मतदाता सूची अपलोड है, उसे डाउनलोड करके कोई भी व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची चेक कर सकता है। इसके अलावा वोटर हेल्पलाइन नंबर-1950 पर कॉल करके भी अपनी वोट चेक कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संविधान में देश के सभी नागरिकों को समान रूप से अपने मत का प्रयोग का अधिकार दिया गया है। अब जिस व्यक्ति व य युवा की आयु एक अप्रैल 2024 को 18 साल पूरी हो चुकी है, वे अपना वोट बनवाएं और लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। चुनाव आयोग की वेबसाइट व मोबाइल वोटर हेल्पलाइन एप के द्वारा वोटर कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा अपने संबंधित बीएलओ या लघु सचिवालय स्थित चुनाव कार्यालय में भी ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नामांकन प्रक्रिया की अंतिम तारीख से दस दिन पहले तक नया वोट बनवाया जा सकता है।

# गुरुकुल भादस में गौमाता की कथा का आयोजन



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** मंगलवार को गुरुकुल भादस में गौमाता की कथा का आयोजन किया गया। जिसमें कनाडा से आए भारतमार्ग पत्रिका के संपादक गोभक्त सौंदरम दिलीपन् द्वारा भक्तों को मधुर गौकथा सुनाई। विश्व हिन्दू परिषद के तत्वाधान में आयोजित इस गौ कथा में भादस गांव के अतिरिक्त आसपास के काफी गौ भक्त शामिल हुए तथा कथा श्रवण कर प्रशाद प्राप्त किया। कथा वाचक दिलीपन ने बताया कि गौमाता में लक्ष्मी जी का निवास होता है। जब हम गौमाता की पूजा करते हैं तो हम लक्ष्मी माता की पूजा करते है। हमें गाय की सेवा करनी चाहिए। इससे हमारा लोक और परलोक का जीवन संवरता है। सनातन में गाय् पूजा के बारे में कहा गया है। गाय को प्रताडित करने वाले राक्षस होते हैं। वहीं गुरुकुल के संचालक आचार्य तरुण ने बताया कि इस गुरुकुल में 26 ब्रह्मचारी शिक्षा ग्रहण कर रहें हैं तथा गुरुकुल गौशाला में 50 गाय हैं। श्रद्धालुओं के सहयोग से यह गुरुकुल तथा गौशाला चल रहे हैं। उन्होंने गुरुकुल में कथावाचन के लिए गोभक्त सौदरम दिलीपन् का आभार जताया। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन कर्ता ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष करण सिंह सैनी का भी आभार जताया। इस मौके पर दुर्गा वाहिनी की प्रांत संयोजिका नेहा सिंह, महेन्द्र योगी, रामसिंह, श्यामलाल, रतन सिंह, लीलाराम, मास्टर कुलदीप, मास्टर मुकेश, सुरेन्द्र शर्मा जेई तथा मास्टर सतीश आदि भी मौजूद रहे।

# भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी ने मेवात पहुंच जिले की महिला कार्यकर्ताओं की बैठक ली



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी ने मेवात पहुंच जिले की महिला कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक के दौरान उषा प्रियदर्शी ने महिलाओं को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देश में चल रही जनहित योजनाओं को भी विस्तार पूर्वक बताया। नूंह जिले के भाजपा कार्यालय में पहुंची महिला भाजपा प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को आगे बढ़ाने का लगातार प्रयास कर रहे हैं और 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लेकर चल रहे हैं। उषा प्रियदर्शी ने कांग्रेस पर जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि आज कांग्रेस की स्थिति बदतर हो रही है। कांग्रेस के पास ना तो हरियाणा में अपना संगठन है और ना ही लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार हैं। जहां भाजपा ने पहले ही अपने सभी उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है वहीं कांग्रेस अभी तक भी हमारे खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवारों को तलाश कर रही है। उषा प्रियदर्शी ने कहा कि गुड़गांव लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह इस बार रिकॉर्ड तोड़ मतों से लोकसभा चुनाव जीतने का काम करेंगे। राव इंद्रजीत गुड़गांव लोकसभा से लगातार चुनाव जीत रहे हैं। उनकी लोकप्रियता और देश के प्रधानमंत्री मोदी की विकास नीति लोगों को प्रभावित करने का काम कर रही है। जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों को जीतने का काम करेगी। इतना ही नहीं देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल और भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य जाहिद हुसैन ने कहा कि गुरुवार को लोकसभा की टिकट मिलने के बाद पहली बार राव इंद्रजीत सिंह मेवात आ रहे हैं। इस दौरान वो कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे, जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# अब तक जिला में 10430.70 मीट्रिक टन सरसों की हुई खरीद : उपायुक्त



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**


**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि जिला में रबी खरीद सीजन के दृष्टिगत सभी मंडियों व खरीद केंद्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है। जिला में गत मंगलवार तक 10430.70 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। खरीद सीजन के सुचारू संचालन के लिए जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों की तैनाती भी की गई है। उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि गत मंगलवार तक जिला की नूंह, तावडू, फिरोजपुर-झिरका, पुन्हाना मंडियों में 10430.70 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। सरसों की खरीद हैफेड द्वारा की गई है। कुल खरीद में से नूंह मंडी में 786.05 मीट्रिक टन, तावडू मंडी में 3892.30 मीट्रिक टन, फिरोजपुर-झिरका मंडी में 2075.30 मीट्रिक टन तथा पुन्हाना मंडी में 3676.80 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। उन्होंने किसानों का आह्वान किया है कि वे अपनी फसल को सुखाकर एवं साफ करके लाएं।

# दुष्यंत का जन्मदिन धूमधाम से मनाया



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला युवा कार्यकारिणी के साथ नासिर हुसैन ने मिलकर फ्रूट बाँटकर एवं कैक काटकर युवा, ऊर्जावान, जनहितैषी, दूरदर्शी, हरियाणा के सबसे लोकप्रिय नेता, प्रदेश के कल्याणकारी पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का जन्मदिन बनाया। इस मौके पर युवा जिलाध्यक्ष वसीम अहमद नासिर हुसैन बदरूद्दीन अड़बर आज पार्टी जिला कार्यालय नूहँ में जेजेपी युवा जिला कार्यकारिणी ने फ्रूट बाँटकर कैक काटकर युवा, ऊर्जावान, जनहितैषी, दूरदर्शी, हरियाणा के सबसे लोकप्रिय नेता, प्रदेश के कल्याणकारी पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को जन्मदिन बनाया गया इस मौके पर मुनफेद ,युवा हल्का अध्यक्ष जावेद जोगीपुर ,युवा हल्का अध्यक्ष इक़बाल दूलोत ,युवा हल्का अध्यक्ष सद्दाम हुसैन ,जिला सीनियर उपाध्यक्ष रोहित पेंगवाल पुन्हाना ,आफ़ताब अहमद जिला उपाध्यक्ष ,आज़ाद भूदर ,सलामू एवं जिला स्तरीय सीनियर नेता जेजेपी मौजूद रहे। आप ऐसे ही सौम्य स्वभाव, लगन, निष्ठा और ईमानदारी के साथ लोगों की सेवा करते रहें।







# अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही राकेश कादियान 12 अप्रैल को माउंट एवरेस्ट और माउंट लोहतसे दोनों पर एक साथ भारत देश का झंडा फहराने जाएगा

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह जिले का अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही राकेश कादियान (जिला जेल नूंह कर्मचारी) मिशन सेवन समिट के तहत 12 अप्रैल 2024 को विश्व की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट(8848 मीटर) ओर माउंट लोहतसे (8516 मीटर) दोनों पर एक साथ भारत देश का झंडा फहराने जाएगा। 45 वर्ष की उम्र पूर्ण करने के बाद 1 साल में विश्व के सभी 7 महाद्वीपों की ऊंची चोटियों पर भारत देश का झंडा फहराने वाला पहला पर्वतारोही बन जायेगा। जिला जेल नूंह पर कार्यरत राकेश कादियान अपने हरियाणा प्रदेश तथा भारत देश देश का नाम रोशन करने के लिए 12 अप्रैल 2024 को विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट माउंट एवरेस्ट पर (अपने सेवन समिट अभियान के तहत) तिरंगा फहराने के लिए जाएगा। राकेश ने बताया कि वह अपने देश व प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए इस समय प्रतिदिन लगभग 30 से 40 किलोमीटर की दौड़ ओर 1 घण्टा पी. टी. करके अपने इस अभियान के लिए जी जान से जुटा हुआ है। इससे पहले भी राकेश कादियान अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी किलिमंजारो पर केवल 15 घण्टे ओर 53 मिनट में तिरंगा फहराने पर 42 वर्ष की उम्र में भारत देश का प्रथम पर्वतारोही होने का गौरव अपने नाम कर चुका है। माउंट एवरेस्ट फतह करने की तैयारी के लिए इससे पहले राकेश कादियान ने भारत देश की ऊंची चोटी मांउट सतोपंथ 7100 मीटर, माउंट नून 7135 मीटर, कांग यात्से-1 को जो 6400 मीटर ऊंची है पर तिरंगा फहराया है तथा 45 वर्ष की उम्र में अब सभी सात महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ाई करके भारत देश और हरियाणा प्रदेश व जेल विभाग हरियाणा का प्रथम अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही बन जायेगा। राकेश कादियान जेल विभाग हरियाणा का प्रथम अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही होने का गौरव भी अपने नाम कर चुका है तथा राकेश कादियान राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर मास्टर एथलेटिक्स में अब तक 40




स्वर्ण पदक तथा 37 रजत पदक जीत कर हरियाणा प्रदेश का नाम भी भारत वर्ष में रोशन कर चुका है। राकेश कादियान ने बताया कि अब वह 45 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद एशिया महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटि माउंट एवरेस्ट (8848 मीटर) ओर माउंट लोहतसे (8516 मीटर) पर तिरंगा फहराकर भारत देश प्रथम पर्वतारोही बन जायेगा। राकेश कादियान ने बताया कि वह इस अभियान पर 12 अप्रैल 2024 को शुरू करके लगभग 22 मई 2024 को वापस आएगा। राकेश कादियान ने बताया कि उसके इस अभियान पर लगभग 35 से 40 लाख रुपये खर्च हो जाएगा जो एक किसान के बेटे और ग्रुप सी कर्मचारी के लिए बहुत ज्यादा रकम है। राकेश कादियान इस अभियान के लिए नूह जिला के सभी सामाजिक संगठनों और उद्योगपतियों से आथिर्क सहायता की प्रार्थना करता है अगर जिला के किसी संस्था , संगठन से आर्थिक सहायता मिलती है तो विश्व की सभी सातों ऊंची चोटियों पर देश का झंडा फहरा कर विश्व में अपने प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए अपनी जान की बाजी लगा देगा। राकेश कादियान ने ने अपील की है कि कोई कम्पनी या संस्था आर्थिक सहयोग करती है तो वह उस संस्था या कम्पनी ओर अपना बैनर उपलब्ध करवाती है तो अपनी खाप के बैनर को विश्व के सभी महाद्वीप की ऊंची चोटियों पर उस संस्था ओर कम्पनी का नाम ऊंचा करके अपने आप को गर्वित मानेगा ओर अपने देश व हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन करेगा।

# करनाल जिले के गाँव नगला मेघा में हुआ दावत-ए-इफ्तार का आयोजन, भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन रहे मुख्य अतिथि

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** बुधवार सांय करनाल जिले के गाँव नगला मेघा पर समस्त मुस्लिम समाज द्वारा दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन रहे तथा दावत-ए-इफ्तार में काफी संख्या में सभी धर्म-मज़हब के लोगों ने हिस्सा लेकर हिंदू-मुस्लिम, सिख-ईसाई सर्व धर्म के आपसी भाईचारे व अमन-चैन का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रमुख उलेमाओं, मौलानाओं व लोगों ने देश-प्रदेश में अमन-चैन व भाईचारे तथा उन्नति के लिए दुआएँ माँगी। दावत-ए-इफ्तार में पंहुचनें पर चौधरी ज़ाकिर हुसैन का प्रमुख लोगों ने फूलमालाओं, पुष्प वर्षा व शॉल भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया।

चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने कहा कि गाँव के मुस्लिम समाज द्वारा इस भव्य दावत-ए-इफ्तार का आयोजन कर एक सराहनीय कदम उठाया है। दावत-ए-इफ्तार से आपसी सौहार्द और भाईचारा बढता है। आज दावत-ए-इफ्तार में सभी मज़हबों के लोगों ने भारी संख्या में हिस्सा लेकर आपसी भाईचारे व प्रेम की मिसाल कायम की है। हमें ज्यादा से ज्यादा दावत-ए-इफ्तारों में हिस्सा लेना चाहिए, जिससे आपसी भाईचारा बढे। उन्होंने कहा कि गरीब, मजलूम, जरूरतमंद व बेसहाराओं की ज्यादा से ज्यादा मदद करें, ये सबसे बड़ा कार्य है। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना बरकतों, रहमतों व ईबादतों का महीना है। इस पाक महीने में हमें




**गरीब, मजलूम, जरूरतमंद व बेसहाराओं की मदद करना सबसे बड़ा कार्य: चौधरी ज़ाकिर हुसैन**

**हमारे देश की गंगा-जमुना तहजीब व आपसी भाईचारा पूरी दुनिया में मिसाल: चौधरी ज़ाकिर हुसैन**

**दावत-ए-इफ्तार में सर्वधर्म के लोगों ने लिया भाग, आपसी भाईचारे का दिया संदेश**

**भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल व विधान सभा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी के पक्ष में वोट की अपील की**

मजलूमों, बेसहारा और जरूरतमंदों की ज्यादा से ज्यादा मदद करनी चाहिए। रोजा पूरे दिन भूखा और प्यासा रहकर जरूरतमंद लोगों की मदद करने का नाम है। दावत-ए-इफ्तार से हिंदू-मुस्लिम सिख-ईसाई सभी मज़हबों में एकता व आपसी भाईचारा पैदा होता है। इस दावत-ए-इफ्तार में सभी मज़हबों के लोगों ने हिस्सा लेकर हमारे देश की गंगा जमुना तहजीब की मिसाल दी है, इसके लिए वे सभी शहरवासियों को मुबारकबाद देते हैं।

इस अवसर पर चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने आगामी लोकसभा चुनावों में करनाल से लोकप्रिय प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल व करनाल विधानसभा से प्रत्याशी माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पक्ष में वोट की भी अपील की। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश का समान विकास किया है और करनाल तो उनका गृह जिला है। उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी पूरे प्रदेश को विकास की नई ऊंचाईयों पर ले जाने का कार्य कर रहे हैं। आगामी लोकसभा चुनाव व विधानसभा के उप चुनाव में दोनों लोकप्रिय नेताओं को भारि मतों से विजयी बनाएँ। गाँववासियों ने आश्वासन दिया कि दोनों प्रत्याशियों मनोहर लाल व नायब सिंह सैनी को भारी मतों से विजयी बनाएँगे।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से अनवर, मौहम्मद शाद, सुलेमान, इकरामुद्दीन, मौहम्मद इकबाल नंगला मेघा, सिकंदर सलमानी, वाजिद अली बल्हेड़ा प्रधान, असलम नंदी, नौशाद सरपंच गाढ़पुर टापू , इरशाद नंबरदार, कय्युम करनाल, रहीश, सचिन नंदी, दिलप्रीत सिंह, दिनेश शर्मा, ललित शर्मा आदि के अलावा सैंकडों मौजिजान व रोजेदार मौजूद रहे।

# संजय सिंह को जमानत मिलने पर आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष रेवाड़ी मदन सिंह की अध्यक्षता में आम आदमी पार्टी कार्यालय में सैकड़ों पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने संजय सिंह, राज्य सभा सांसद को माननीय सुप्रीम कोर्ट ने जमानत देने पर लड्डू बाट कर खुशी बनाई। अध्यक्ष महोदय ने बताया कि मौजूदा सरकार ने अपनी मनमानी करते हुए सरकारी एजेंसियों का ग़लत इस्तेमाल कर आम आदमी पार्टी के सीनियर नेताओ को बिना किसी सबूतों के झूठे केस बनाकर फसाया जा रही है। जबकि आज तक किसी के पास एक भी पैसा नहीं मिला। लेकिन बिना किसी सबूतों के अभाव में माननीय सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को फटकार लगाते हुए संजय सिंह राज्यसभा सांसद को जमानत दे दी गई। जो कि सत्ता रूढ़ पार्टी के लिए एक तमाचा है। जिला अध्यक्ष एक्स सर्विसमैन कमांडेंट संतोष यादव व जिला उपाध्यक्ष रिईमपलाईमेनट नरेश चौधरी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी सरकार पूरी तानाशाही पर उतर आई है, और विपक्ष को खत्म करना चाहती है जो सरासर लोकतन्त्र की हत्या कर रही है। देश की जनता 2024 के चुनावो में इसका जबाब देगी। जिला सह सचिव कपिल चौटाला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बुरी तरह से डरी हुई है और यह विपक्ष को खत्म करना चाहती है जिस कारण आप पार्टी के नेताओं को एक एक करके झूठा आरोप लगा कर जेल में बंद कर लोकतन्त्र की हत्या कर रही है। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी मनोज अन्ना, उपाध्यक्ष, सुभाष अग्रवाल, रमेश आज़ाद अन्य पर पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एडवोकेट ममता रानी को गुरुग्राम लोकसभा में भाजपा ने आरोप पत्र सहप्रमुख की दी जिम्मेदारी

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रदेश में लोकसभा चुनाव प्रबंधन के लिए प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में आरोप पत्र प्रमुख व सह प्रमुख नियुक्त किए गए हैं। रेवाड़ी निवासी सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता ममता रानी को गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र में आरोप पत्र सह प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एडवोकेट ममता रानी ने अपनी इस नियुक्ति के लिए भाजपा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, आरोप



पत्र प्रदेश प्रमुख प्रधुमन सिंह किरमच, सहप्रमुख प्रकाश वीर नगर सहित प्रदेश व स्थानीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी संगठन की तरफ से दी गई है पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ उसका निर्वहन करेंगी।

# नगर पार्षद दीपक पाल्हवासिया को हुआ पितृ शोक

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** नगर पार्षद एवम वैश्य महासम्मेलन के जिला युवा अध्यक्ष दीपक पाल्हवासिया के पिता लाला जयगोपाल पाल्हवासिया का बीमारी के चलते देहांत हो गया। वे 72 वर्ष के दयालु , सामाजिक, राजनैतिक एवम धार्मिक व्यक्ति थे। वे अपने पीछे भरापुरा परिवार छोड़ कर गए हैं। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र दीपक पाल्हवासिया ने दी। उनके अंतिम संस्कार में परिवार के राकेश अग्रवाल, अनिल पाल्हवासिया, बड़े भाई प्यारे लाल अग्रवाल तथा



अग्रवाल समाज के प्रधान रिपुदमन गुप्ता, समाजसेवी अजय मित्तल, वैश्य महासम्मेलन प्रधान बृजलाल गोयल, पुरुषोत्तम डहीना वाले, रमेश मित्तल, पार्षद राजेंद्र सिंघल, अरुण गुप्ता मायन वाले, अग्रसेन स्कूल के प्रधान रत्नेश बंसल, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोज गोयल गुडियानिया, कोसली से पवन बंसल, प्रवीण अग्रवाल, कपिल गोयल, चरत अग्रवाल, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री राकेश गर्ग, पत्रकार बीडी अग्रवाल, अजय अत्री, हेमंत अग्रवाल, प्रेम भारद्वाज, हितेश गोयल डिंको, दिनेश गोयल डिंको, नवल किशोर गुप्ता, अनाज मंडी प्रधान राधेश्याम मित्तल, अमित गुप्ता, वेद अग्रवाल गैस वाले, पार्षद भूपेंद्र गुप्ता, पुनीत बंसल, टोनी जिंदल, रामकिशन गंडाला वाले, मनोज गोयल रुचि, एडवोकेट मोहित अग्रवाल, राजीव गोयल, सुरेंद्र अग्रवाल पटाका, एडवोकेट लोकेश गोयल, एडवोकेट राकेश गुप्ता, पूर्व जिला पार्षद अजय पाटोदा, सचिन मालिक, पार्षद धीरज शर्मा, अशोक यादव ठेकेदार, चेतन यादव, अनिल ठकराल अप्सरा, कपिल यादव, रामचंद्र अग्गी , गिरीश सिंगला सहित सैंकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ईश्वर की भक्ति से मिलती है आत्मिक शांति : श्रीकृष्णा स्वामी

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** भक्ति भाव प्रवाह समिति के सौजन्य से यहां के स्वामी उमा भारती स्कूल में आयोजित कराई जा रही श्रीमद देवी भागवत कथा सप्ताह के पांचवें दिन मंगलवार को व्रन्दावन से पधारे संत श्री कृष्णानन्द स्वामी महाराज ने कहा कि सांसारिक जीवन से कुछ समय ईश्वर की भक्ति करने से आतमिक शांति मिलती है। श्री कृष्णा नन्द स्वामी ने नवरात्रों की महत्ता पर बोलते हुए कहा कि माँ देवी के तीन रूप सरस्वती, लक्ष्मी व मा कलिका की आराधना से ना केवल व्यक्ति विशेष का अपितु समस्त समाज का कल्याण होता है। उन्होंने सभी देवियों की महिमा एवम पूजा विधि की महत्ता का वर्णन करते हुए सभी को मन्त्र मुग्ध कर दिया। स्वामी जी ने रामायण, भागवत व कृष्ण अवतार के आध्यात्मिक पहलूओं पर प्रकाश डालते हुए इन कथाओं के पात्रो से प्रेरणा लेने की



बात भी कही।

स्वामी जी ने पांचवें दिन पार्वती जन्म, शिव-पार्वती विवाह व माँ भुवनेश्वरी की कथा के बारे में भी बताया। आयोजन समिति की संयोजिका सुश्री कमलेश भारती ने महाराज श्री सहित सभी का आभार जताते हुए कहा कि श्रीमद भागवत कथा सप्ताह का आयोजन पिछले डेढ दशक से कराते आ रहे हैं प्रति वर्ष हज़ारों की संख्या मे श्रद्धालु धर्म लाभ अर्जित करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार कथा सप्ताह का शुभारंभ 29 मार्च को कलश यात्रा से हुआ था। उन्होंने कहा कि कथा सप्ताह का समापन 4 अप्रैल बुधवार को होगा। समापन अवसर स्कूल परिसर में ही भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्राचार्य दीवान सिंह, सीताराम, रामु भाई, श्याम बिहारी, रत्ना गोयल, महेश गर्ग, उषा रुस्तगी, पूनम शर्मा, मोनिका पण्डिता, सुरेश कुमारी, गायत्री यादव, सुनीता देव, कुसुम यादव, गिरिजा भारद्वाज, रजनी बुधिराजा, चंद्रप्रकाश, अंजू नारंग, मृदुला माथुर, यशपाल, सरोज शर्मा, सुरेश कुमार, आर्या सैनी, अभिषेक, नीतू, मधु शर्मा, पूनम यादव, कीर्ति, संजय कुमार, जितेंद्र कुमार, निर्मल, मनीषा, मोनिका नरूला, वन्दना व स्नेहलता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

**सभी हो साइबर स्मार्ट मिशन के तहत रेवाड़ी पुलिस का साइबर जागरूकता अभियान जारी**

# बस स्टैंड पर छात्र-छात्राओं व आमजन को साइबर अपराध से बचाव के तरीकों के बारे में किया जागरूक



**लुभावने ऑफर या लॉटरी के लालच में न आएं नागरिक, साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत 1930 पर करें संपर्क।**

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी शशांक कुमार सावन के दिशा निर्देश में कार्य करते हुए साइबर थाना रेवाड़ी से एच.सी संदीप कुमार, एच.सी सुनीता वा उनकी टीम द्वारा बुधवार को बस स्टैंड रेवाड़ी पर साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

साइबर थाने से एच.सी संदीप कुमार व उनकी टीम ने बस स्टैंड रेवाड़ी पर छात्र-छात्राओं व आमजन को साइबर ठगी से बचने के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने साइबर अपराधियों द्वारा ठगी के लिए प्रयोग किए जा रहे विभिन्न तरीकों के बारे में भी बताया और ठगी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर-1930 पर कॉल करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि साइबर ठगों द्वारा फेक आईडी, फेक लिंक, फेक ईमेल, फेक नौकरी, फेक कॉल व मैसेज सहित विभिन्न प्रकार से बैंक डेबिट व क्रेडिट कार्ड ब्लॉक करने के नाम पर, कार व दुपहिया वाहन व अन्य सामान ऑनलाइन बेचने व खरीदने के नाम पर, पॉलिसी रिन्यू करने के नाम पर, लोन देने के नाम पर, मॉर्फ की गई न्यूड वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकी देने के नाम पर इत्यादि प्रकार से ठगी की जा रही है। किसी भी व्यक्ति को अपने मोबाइल पर आने वाले ओटीपी व बैंक खाते संबंधी कोई भी जानकारी न दें। यदि कोई व्यक्ति बैंक से बोलने की बात कह कर जानकारी ले रहा है, तो उसे भी कोई जानकारी नहीं बताएं। ठग बैंक अधिकारी बन कर ठगी करते है। मोबाइल पर आने वाले अनजान लिंक व किसी भी इनाम और ऑफर के लिंक को ओपन न करें। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर तुरन्त साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 व www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करवाए और साथ ही नजदीकी पुलिस स्टेशन या साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत जरूर करें।

# बावल के विश्वकर्मा मंदिर में अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की हुई बैठक

**जांगिड़ समाज के विकास के लिए शिक्षा बेहद जरूरी : कैलाश चंद**



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**बावल।** बुधवार को कस्बा बावल के विश्वकर्मा मंदिर में अखिल भारतीय जांगिड़ महासभा के सदस्यों की एक बैठक नए जिला अध्यक्ष कैलाश चंद जांगिड़ की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जांगिड़ समाज के विकास के लिए शिक्षा का प्रचार प्रसार बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि समाज ने उनको जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसको वे तन मन और धन से निभायेंगे। उन्होंने कहा कि समाज में युवाओं को सम्मान जनक स्थान दिलाने के लिए महासभा जल्द जरूरी कदम उठाएगी। लड़कियों की शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए नए शिक्षण संस्थान और युवक और युवतियों के लिए कौशल विकास और रोजगार मार्गदर्शन केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वे समाज को सही दिशा में ले जाने के लिए समाज के कर्मठ लोगों का सहयोग चाहते हैं। बैठक में उन्होंने उनको उक्त महासभा के जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपने के लिए समाज का आभार भी जताया। इस मौके पर समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# जनता तीसरी बार मोदी सरकार बनाने को तैयार, कार्यकर्ता जीत को ऐतिहासिक बनाने के लिए काम करें : मनोहर लाल

**लोकसभा चुनाव प्रबंधन की बैठक में पूर्व सीएम मनोहर लाल, लोकसभा संयोजक मनीष मित्तल, लोकसभा प्रभारी दीपक मंगला, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक महेश चौहान ने पदाधिकारियों से लिया फीडबैक**

**देश और प्रदेश की जनता को है मोदी की गारंटी पर विश्वास : मनोहर लाल**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** लोकसभा चुनाव को ऐतिहासिक रूप से जीतने के लिए भाजपा में बैठकों का दौर लगातार जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को गुरुकमल कार्यालय में पूर्व सीएम मनोहर लाल की अध्यक्षता में गुरुग्राम लोकसभा सभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में लोकसभा प्रभारी दीपक मंगला, लोकसभा संयोजक मनीष मित्तल, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक महेश चौहान भी मौजूद रहे। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी विभागों से संबंधित कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ चुनाव की तैयारियों की विस्तृत चर्चा भी की। इस बैठक में चुनाव जीतने की रणनीति पर तीन घंटों तक मंथन हुआ। इस दौरान पूर्व सीएम ने सभी पदाधिकारियों से अलग-अलग विभागों की जानकारी ली।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता मोदी की गारंटी पर विश्वास करती है और तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता भाजपा की इस जीत को बड़ी जीत में बदलने के काम में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब कल्याण की नीतियों से गरीब लोगों के चेहरों पर खुशियां लाकर उन्हें मजबूत किया है। युवा, किसानों और महिलाओं के जीवन स्तर को उठाने के लिए अनेकों योजनाएं बनाई हैं। समाज का हर वर्ग मोदी सरकार के काम से संतुष्ट हैं।

मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव में मिशन 370 और एनडीए 400 पार के लक्ष्य को जनता और कार्यकर्ताओं के दम पर पूरा करेगी। हरियाणा की 10 की 10 लोकसभा और करनाल विधानसभा में कमल खिलाकर देने के लिए भाजपा का हर एक कार्यकर्ता तैयार है। पूर्व सीएम ने कहा कि सभी कार्यकर्ता रणनीति के तहत काम करते हुए पार्टी प्रत्याशी को बड़े मार्जिन से जिताने में जुट जाएं। पूर्व सीएम कहा कि गुरुग्राम लोकसभा की सभी 9 विधानसभाओं में जाकर अपने काम को बेहतर तरीके से करें। उन्होंने कहा कि मतदान की तारीख निकट है। सबको धरातल पर उतरकर पार्टी के हित में कार्य करते हुए पार्टी प्रत्याशी को विजयी बनाना है।

पूर्व सीएम ने कहा कि जनता को मोदी सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराकर भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 10 वर्षों में हर वर्ग को किसी न किसी रूप में लाभ देने का काम किया है। लाखों लोग सरकार की योजनाओं से जुड़े हैं और भाजपा की सरकार को पसंद करते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने चुनाव प्रबंधन को लेकर पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण बातें भी बताईं।

मनोहर लाल ने कहा कि यह समय हम सभी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण समय है। लोकसभा चुनाव में जिन-जिन लोगों को जो भी जिम्मेदारी दी गई है वह कार्यकर्ता भी बहुत महत्वपूर्ण कार्यकर्ता है, इसलिए संगठन के कामों को पूरे मनोयोग से करते हुए भाजपा प्रत्याशी को रिकार्ड मतों से जिताने का काम करें। उन्होंने कहा कि जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि सभी नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव को ऐतिहासिक बनाने के काम में तेजी से जुट जाएं।

इस मौके पर गुरुग्राम जिला अध्यक्ष कमल यादव, नूंह जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, रेवाड़ी जिला अध्यक्ष प्रीतम चौहान, जवाहर यादव, जिला रामबीर भाटी, , राजकुमार गर्ग, अशोक मुदगिल, यादराम जोया, परविन्द्र कटारिया, सुनील कोहली, मीडिया प्रभारी डा. गजेंद्र गुप्ता, जिला सह मीडिया प्रभारी पवन यादव, शैलेंद्र पांडे, जयदेव शर्मा, रमन मालिक, अक्षय वत्स, सर्वप्रिय त्यागी, हरविंद्र कोहली, रवि बंसल, हर्षवर्धन मित्तल, अरूण बंसल, मनीष गाडौली, गार्गी कक्कड, सूरजपाल अम्मू, विकास चौपड़ा, सौरभ त्रिपाठी, रामअवतार शर्मा, नवीन गोयल, सुंदरी खत्री, संदीप जोशी, बोधराज सीकरी आदि उपर्सथित रहे।

# मोदी-मनोहर के आह्वान पर हरियाणा में खिलेंगे 11 कमल : जीएल शर्मा

**फरीदाबाद में पूर्व सीएम मनोहर लाल ने कार्यकर्ताओं को दिए बूथ जीतने के टिप्स**

**प्रदेश की 10 लोकसभा सीटें भारी अंतर से जीतेगी भाजपा**




**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** भाजपा हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं फरीदाबाद लोकसभा के प्रभारी जीएल शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के पूर्व सीएम एवं हम सबके मार्गदर्शक मनोहर लाल के आह्वान पर प्रदेश की जनता 11 कमल खिलाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 10 की 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार भारी अंतर से जीत हासिल करेंगे। करनाल में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सैनी प्रचंड जीत हासिल करेंगे। इस तरह प्रदेश में 11 कमल खिलेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सभी कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक मनोहर लाल ने फरीदाबाद कार्यालय अटल कमल में बुधवार को चुनाव संचालन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कार्यकर्ताओं को बूथ जीतने के टिप्स दिए हैं। जीएल शर्मा ने कहा कि पूर्व सीएम ने साफ तौर पर कार्यकर्ताओं को यह संदेश दे दिया है कि हर बूथ पर बड़ी जीत हासिल करना कार्यकर्ताओं का लक्ष्य होना चाहिए। इसी लक्ष्य को लेकर पार्टी के प्रदेश स्तर से लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को मेहनत करनी है। एक-एक मतदाता तक केंद्र की मोदी और प्रदेश की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करना है।जीएल ने कहा कि भाजपा देश-प्रदेश में दस साल के अभूतपूर्व विकास पर जनता के बीच है। हरियाणा की जनता ने यह तय कर लिया है कि तीसरी बार केंद्र में विकास पुरुष नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में ही सरकार बनानी है। हरियाणा विकसित भारत की नींव मजबूत करने के लिए 10 की 10 सीटें मोदी की झोली में डालेगा और निश्चित ही विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगा।

**पूर्व सीएम ने तैयारियों पर लिया फीडबैक**

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बैठक के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से की गई तैयारियों का फीडबैक लिया। उन्होंने चुनाव समितियां और कोर कमेटियों के गठन तथा कमेटी सदस्यों से तैयारियों के बारे में भी जानकारी ली। करीब ढाई घंटे तक उन्होंने चुनावी तैयारियों को परखा और कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण टिप्स दिए। साथ ही उन्होंने कुछ कमियों को और अधिक पुख्ता करने के निर्देश भी कार्यकर्ताओं को दिए। जीएल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने तैयारियों पर संतुष्टि जताई है और पत्रकारों से बात में कहा कि फरीदाबाद लोकसभा में तमाम व्यवस्था पुख्ता हो चुकी हैं।

**मोदी-मनोहर की उम्मीद पर खरा उतरेगा हरियाणा**

जीएल ने कहा कि पूर्व सीएम मनोहर लाल ने कार्यकर्ताओं को बड़ी जीत का लक्ष्य दिया है। उन्होंने बाद में पत्रकारों से बात करते हुए भी कहा कि जीत जीत होती है, लेकिन फिर भी हम चाहते हैं कि हर बूथ लेवल पर पहले से ज्यादा मार्जिन हासिल किया जाए। हर बूथ को जीतना हमारा मुख्य लक्ष्य है। क्योंकि बूथ जीता तो समझो चुनाव जीता। कार्यकर्ताओं को इसी मंत्र पर अपना लक्ष्य निर्धारित करना है।

# बीजेपी लोकसभा उम्मीदवार बदले, मंत्री बदले या फिर मुख्यमंत्री बदले, जनता नहीं आएगी झांसे में : दीपेंद्र हुड्डा

**समाचार गेट ब्यूरो**

**रोहतक, 3 अप्रैल।** बीजेपी अब लोकसभा के उम्मीदवार बदले, अपने सारे मंत्री बदले या फिर से मुख्यमंत्री को बदल दे। चेहरों की इस अदला-बदली से अब जनता का मत नहीं बदलने वाला। क्योंकि जनता बीजेपी को ही बदलने का मन बना चुकी है। ये कहना है राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का। दीपेंद्र हुड्डा आज 'घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस' अभियान के तहत गांधी कैंप इलाके में पहुंचे थे। यहां उन्होंने घर और दुकानों में जाकर लोगों से बात की।

इस मौके पर भाजपा द्वारा तीन लोकसभा प्रत्याशियों को बदले जाने के कयास पर पत्रकारों ने दीपेंद्र हुड्डा से प्रतिक्रिया मांगी। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि बीजेपी इस चुनाव में अपनी हार मान चुकी है। इसलिए वह चेहरों को बदलकर जनता के मत को बदलने की नाकाम कोशिश कर रही है। सच्चाई यह है कि जनता को सिर्फ बीजेपी के चेहरों से नहीं, बल्कि बीजेपी की

**चेहरों की अदला-बदली से नहीं बदलेगा जनता का मत, बीजेपी को बदलने का मन बना चुके लोग- दीपेंद्र हुड्डा**



नीतियों के प्रति नाराजगी है। ये वो नीतियां है जिनके चलते किसान, मजदूर, कामगार, कर्माचारी और व्यापारी समेत हर वर्ग प्रताड़ना झेल रहा है। गांधी कैंप इलाके में खुद व्यापारियों ने बताया कि उनसे फिरौती मांगने की वारदातें आम हो गई हैं। ऐसा लगता है बदमाशों के जहन में पुलिस या सरकार का रत्तीभर भी डर नहीं है। एक के बाद एक व्यापारी लोग फिरौती, अपहरण और हत्या जैसी वारदातों के शिकार हो रहे हैं। लेकिन सरकार तमाशबीन बनी सब देख रही है।

बातचीत के दौरान लोगों ने राज्यसभा सांसद को सड़क, बिजली, पानी जैसी समस्याओं के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि पूरा शहर बारिश के दर से सहम जाता है। क्योंकि हल्की-सी बारिश सड़कों और गलियों को तालाब बना देती है। सीवरेज और सफाई व्यवस्था बुरी तरह चरमराई हुई है।

दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि बीजेपी रोहतक की जनता को पीने के लिए साफ पानी तक मुहैया नहीं करवा पा रही। घरों में गंदगी भरा पानी सप्लाई किया जा रहा है, जिसकी वजह से लोग घातक बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। इसके सबसे ज्यादा शिकार छोटे-छोटे बच्चे होते हैं।


जनता ने कहा कि बीजेपी ने बड़े-बड़े वादे और दावे करके पिछले चुनाव में उनसे वोट ली थी। लेकिन उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। अब अगर बीजेपी का कोई नुमाइंदा उनके बीच में आएगा तो पहले उसे 5 साल और पिछले चुनाव में किए गए वादों का हिसाब देना होगा। जनता अपने वोट की ताकत से बीजेपी को सबक सिखाने का काम करेगी।

# वाहन चालकों को ब्लैक फिल्म लगाना पड़ा महंगा

## 11 लोगों के चालान काट 1 लाख 10 हजार का जुर्माना वसूला

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर के आदेश अनुसार हरियाणा पुलिस द्वारा 1 अप्रैल से 7 अप्रैल तक ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों के विरुद्ध एक विशेष अभियान चलाया गया है। अगर कोई ब्लैक फिल्म लगी गाड़ी मिलती है तो उसके खिलाफ चालानी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी जिसमें 10 हजार रुपये तक का जुर्माना है। आदेशों की अनुपालना में एसपी शशांक कुमार सावन के मार्गदर्शन में रेवाड़ी पुलिस द्वारा भी ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। रेवाड़ी पुलिस द्वारा इस अभियान तहत अब तक ब्लैक फिल्म लगी हुई 11 गाड़ी चालकों के चालान किए गए तथा उन पर 1लाख 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।



पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि ब्लैक फिल्म लगाना यातायात नियमों के खिलाफ है, जिसके लिए हरियाणा पुलिस द्वारा 1 अप्रैल से 7 अप्रैल 2024 तक विशेष अभियान चलाया गया है। इस संबंध में यातायात पुलिस व थाना प्रबंधकों तथा चौकी प्रभारियों को आदेश दे दिए गए हैं अगर कोई भी वाहन चालक अपनी गाड़ी पर ब्लैक फिल्म लगाए हुए मिलता है तो उसका चालान किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से भी यातायात के नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि वे यातायात के नियमों का पालन जरूर करें, उनकी अनदेखी न करें। अगर कोई यातायात के नियमों की अवहेलना करता हुआ मिलता है तो ऐसे वाहन चालकों के चालान किए जाएंगे। इसके अलावा उन्होंने लोगों से यह भी अपील की है कि यदि आपको कोई भी पटाखा मोटरसाइकिल चालक बुलेट पटाखा बजाता या किसी गाड़ी पर ब्लैक फिल्म लगी मिले तो आप तुरंत इसकी सूचना डायल 112 पर दे सकते हैं ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई अमल लाई जा सके।

# अर्थशास्त्र विभाग के छात्र लोकेश को मिली बैंक पी.ओ. के पद पर नियुक्ति



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी के अर्थशास्त्र विभाग में एमएससी अर्थशास्त्र में अध्यनरत लोकेश को बैंक ऑफ बड़ौदा में बैंक पी.ओ. के पद पर नियुक्ति प्राप्त हुई है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जे.पी. यादव ने तथा गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने लोकेश को बधाई और शुभकामनाएं दी। प्रोफेसर प्रो. जे.पी. यादव ने कहा कि इस प्रतिष्ठित पद को प्राप्त कर के लोकेश ने विश्वविद्यालय तथा अर्थशास्त्र के मान को बढ़ाया है। विभाग के अध्यक्ष डॉ. विकास बतरा, शिक्षक डॉ. देविंदर सिंह तथा डॉ. सतीश कुमार ने लोकेश को बधाई देते हुए कहा कि लोकेश ने दूसरे विद्यार्थियों के लिए भी एक मार्ग प्रशस्त किया और उनको इससे प्रेरणा मिलेगी। लोकेश ने कहा कि इस उपलबधि को अपने माता-पिता, परिवार तथा शिक्षको के आशीर्वाद और मार्गदर्शन के कारण प्राप्त कर पाया है। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग की अध्यक्ष प्रो. अदिति शर्मा, डॉ. ममता अग्रवाल ने भी लोकेश को बधाई और शुभकामनाएं दी।

# जिला प्रशासन को पीएसीएल रिफंड के दस्तावेज जमा कराने के लिए नहीं मिले कोई आदेश : सीटीएम

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**निवेशक आवेदन जमा करवाने के लिए न आएं लघु सचिवालय।**

**सीएससी संचालक निवेशकों को अफवाह फैलाकर न करें भ्रमित।**

**रेवाड़ी।** सीटीएम लोकेश कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन रेवाड़ी को पीएसीएल के निवेशकों का पैसा लौटाने (रिफंड) से संबंधित आवेदन प्राप्त करने बारे किसी प्रकार के निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। यह किसी असामाजिक द्वारा झूठी खबर वायरल की गई है। उन्होंने जिला रेवाड़ी के निवेशकों से आह्वान किया कि वे पीएसीएल रिकवरी से संबंधित आवेदन जमा करवाने के लिए लघु सचिवालय में न आए। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन को संबंधित अथॉरिटी की ओर से फिलहाल ऐसे कोई आदेश नहीं मिले हैं तथा जिला प्रशासन द्वारा रिफंड के लिए अब कोई आवेदन स्वीकार नहीं किए जा रहे। सीटीएम का कहना है कि जिला प्रशासन द्वारा इस बारे संबंधित विभाग को सूचना दे दी गई है तथा इस बारे जो भी आदेश मिलेंगे उस बारे निवेशकों को सूचित कर दिया जाएगा। उन्होंने निवेशकों से आह्वन किया कि वे अभी आवेदन जमा कराने के चक्ककर में पडक़र अपने धन व समय की बर्बादी न करें। उन्होंने बाताया कि जिला प्रशासन को इस बारे निर्देश मिलेंगे तो निवेशों को सूचित कर दिया जाएगा। उन्होंने सीएससी संचालकों को निर्देश दिए कि वे इस बारे में कोई अफवाह फैलाकर निवेशकों को भ्रमित न करें।

